डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 24.10.2022 से 30.10.2022 ▶ वर्ष-39 ▶ अंक-43 ▶ मूल्य ₹10.00

स्वभाषा के विकास से अनुसंधान के क्षेत्र में भारत बनेगा अग्रणी

मध्यप्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में प्रारंभ कर प्रधानमंत्री के संकल्प को मुख्यमंत्री ने पूरा किया – श्री अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश में 'हिन्दी में मेडिकल की पढ़ाई' का शुभारंभ करते हुये।

“ स्वभाषा के विकास एवं उपयोग से भारत अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व में बहुत आगे जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक मंचों पर हिन्दी में बोलते हैं। शिक्षा नीति में प्राथमिक, तकनीकी और मेडिकल एजुकेशन में हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में प्रारंभ कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस संकल्प को पूरा किया है। ये बातें केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर हिन्दी भाषा में एबीबीएस प्रथम वर्ष की पुस्तकों एवं हिन्दी की प्रतिस्थापना के नवीन प्रकल्प का शुभारंभ करते हुए कहीं। ”

भोपाल, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि यह दिन शिक्षा के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जायेगा। हिन्दी भाषा में मेडिकल शिक्षा का शुभारंभ, शिक्षा के क्षेत्र में पुनर्निर्माण का दिन है। इसके लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बधाई के पात्र हैं। मध्यप्रदेश में 6 माह बाद इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक की शिक्षा भी हिन्दी में प्रारंभ की जायेगी। साथ ही हिन्दी भाषा में अनुसंधान की व्यवस्था भी की जायेगी।

श्री शाह ने कहा कि बच्चे की सोचने की प्रक्रिया उसकी मातृभाषा में होती है। मातृभाषा की बात दिल तक, जबकि अन्य भाषा की बात दिमाग तक जाती है। सोचने के साथ ही संशोधन, अनुसंधान, तर्क, विश्लेषण एवं निर्णय पर पहुंचने की प्रक्रिया मातृभाषा में होती है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं अनुसंधान मातृभाषा में होने से भारत के विद्यार्थियों का डंका पूरे विश्व में बजेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अंग्रेजों ने 19वीं शताब्दी में वेल्थ ड्रेन किया, 21वीं शताब्दी में वे ब्रेन ड्रेन थ्योरी लेकर आए। प्रधानमंत्री अब इस थ्योरी को ब्रेन गेन की थ्योरी में बदल रहे हैं। मातृभाषा में अध्ययन, विद्यार्थियों के चिंतन, तर्क एवं अनुसंधान की क्षमता को बढ़ाएगा। अपनी भाषा में पढ़ेंगे तभी विद्यार्थी देश की सच्ची सेवा कर पायेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 2013-14 में भारत में मेडिकल कॉलेज की संख्या 387 थी, जो अब बढ़ कर 596 हो गई है। वहीं मेडिकल सीट्स की संख्या 51 हजार से बढ़कर 89 हजार हो गई है। आईटीआई 16 हजार से बढ़कर 23 हजार, आईआईएम सीट 13 हजार से बढ़कर 20 हजार, ट्रिपल आईआईटी सीट 9 हजार से बढ़ कर 25 हजार और कुल विश्वविद्यालय 723 से बढ़ कर 1043 हो गये हैं।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को तकनीकी और मेडिकल की शिक्षा मातृभाषा में उपलब्ध कराने का संकल्प लेकर बड़ा कार्य किया है। देश में 8 भाषाओं में इन विषयों की पुस्तकों का अनुवाद आरंभ हो चुका है। शिक्षा के साथ-साथ मेडिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्र में मातृभाषा में शोध और विकास को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में त्रिभाषा व्यवस्था का सफल क्रियान्वयन हुआ है। मातृभाषा में शिक्षा की व्यवस्था देश में समता की क्रांति का पथ प्रशस्त करेगी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज चौहान ने कहा कि ये दिन ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एक नया सवेरा लेकर आये हैं। मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि विषयों की पढ़ाई हिन्दी में होना शिक्षा जगत में नया प्रकाश होगा। यह अंग्रेजी की गुलामी से मुक्ति का दिन है। यह कार्य आजादी के बाद ही हो जाना था, जो अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है।

हिन्दी भाषा में पढ़ाई कर विद्यार्थी करेंगे अपनी क्षमता का पूरा विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बहुत से विद्यार्थी पढ़ाई करने मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में पहुंच तो जाते थे, पर अंग्रेजी भाषा के कारण वे ढंग से पढ़ाई नहीं कर पाते थे। कुछ लोग तो पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते थे। हमारे बहुत से पिछड़े, दलित, गरीब विद्यार्थी भाषा को लेकर हीन भावना से ग्रस्त हो जाते थे। अब वे हिन्दी भाषा में पढ़ाई कर अपनी क्षमता का पूरा विकास कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब डॉक्टर हिन्दी में पर्चे लिख सकेंगे। वे पर्चे पर आरएक्स के स्थान पर श्रीहरि लिख सकते हैं। यह एक नये युग की शुरुआत है। यह दिन प्रदेश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। प्रदेश में आगामी 6 माह में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक की पढ़ाई भी हिन्दी में प्रारंभ होगी। आईआईटी और आईआईएम की पढ़ाई भी हिन्दी में करवाएंगे।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने हिन्दी में मेडिकल की पढ़ाई प्रारंभ की है। आजादी के बाद के 75 वर्षों में भारत में जो नहीं हुआ वह प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। लॉर्ड मैकाले ने अपनी शिक्षा नीति में जिस मानसिक गुलामी की नीति अपनाई थी, उसका अब अंत हो रहा है।

बारह भाषाओं में हो रही हैं कई परीक्षाएं

श्री अमित शाह ने कहा कि भारत में जेईई, एईईटी, यूजीसी की परीक्षाएं 12 भाषाओं में देने की व्यवस्था की गई है। सीयूईटी की परीक्षा 13 भाषाओं में और 10 राज्यों में इंजीनियरिंग की परीक्षा भारतीय भाषाओं में देने के लिये कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सांकेतिक भाषा का मानकीकरण किया जा रहा है। हिन्दी में पढ़ाई से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी और भाषाई लघु ग्रंथि (इन्फीरियरिटी कॉम्पलेक्स) से मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि भाषा और बौद्धिक क्षमता का संबंध नहीं है।

अंग्रेजी भाषा की गुलामी से मिली है मुक्ति

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के मानस को बदल दिया है। अंग्रेजी भाषा की गुलामी से मुक्ति मिली है। अब विद्यार्थी हिन्दी और मातृभाषाओं में शिक्षा ले सकेंगे। श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में मेडिकल की पुस्तकों का अनुवाद करते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि भाषा कठिन न हो जाए। तकनीकी शब्दों को अंग्रेजी में ही रखा गया है। भाषा को व्यवहारिक बनाया गया है। जो बच्चे हिन्दी में पढ़ाई करेंगे, उनकी मेरिट लिस्ट अलग बनेगी।

प्राथमिक शिक्षक ऑनलाइन भर्ती 17 नवंबर से होगी शुरू

भोपाल, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2020 में अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों के नियोजन के संबंध में आदेश जारी किए हैं।

प्राथमिक शिक्षक के लिए ऑनलाइन भर्ती की प्रक्रिया 17 नवंबर से शुरू की जा रही है। इस ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया के संबंध में मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा, सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम 2018 और इन नियमों में समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुसरण में प्राथमिक शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विस्तृत विवरण एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल https://trc.mponline.gov.in पर 31 अक्टूबर से उपलब्ध रहेगा।

अंदर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

निवेश के लिए आइडियल स्टेट है मध्यप्रदेश - मुख्यमंत्री

नई दिल्ली, मध्यप्रदेश निवेश के लिए आइडियल स्टेट है, जिसमें उद्योग स्थापित करने सकारात्मक वातावरण उपलब्ध है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के कर्टेन रेजर और राजदूत गोलमेज सम्मेलन के दौरान कही। श्री चौहान ने सहभागी राष्ट्रों को उनके राजदूत और दूतावास के अधिकारियों के माध्यम से 7 से 9 जनवरी 2023 तक इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन और 11-12 जनवरी 2023 को इंदौर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में सहभागिता और प्रदेश में निवेश के लिए भी आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा के साथ 5 हजार साल के ज्ञात इतिहास में भारत ने सारी दुनिया को एक परिवार माना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व कल्याण में भारत अपना योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित राजनयिकों को प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश में शरबती गेहूं और बासमती चावल जैसा गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पादन होता है। मध्यप्रदेश सर्वाधिक जैविक खेती वाला प्रदेश है, जो अब प्राकृतिक खेती की तरफ बढ़ रहा है। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के दौरान मध्यप्रदेश में निर्मित दवाइयां कई देशों में भेजी गई थी। प्रदेश में वस्त्र और रेडीमेड गारमेंट, माइनिंग, आईटी और पर्यटन क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं और प्रत्येक सेक्टर के लिए मध्यप्रदेश ने एक अलग नीति बनाई है। प्रदेश में 1 लाख 22 हजार एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है, जिसका त्वरित आवंटन किया जाता है। मध्यप्रदेश में परिवहन और ऊर्जा अधोसंरचना का उत्तम विकास हुआ है। मध्यप्रदेश में श्रम कानून में सुधार लाया गया है। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि मध्यप्रदेश में इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियां है। प्रदेश में सभी सहभागी राष्ट्रों के लिए फार्मा, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और रक्षा जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए अवसर उपलब्ध हैं। राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस में नेपाल, जापान, ब्राजील, फिजी, हंगरी, चेक गणराज्य, म्यांमार, थाइलैण्ड, वियतनाम, फिनलैंड जैसे सहभागी राष्ट्रों के राजनयिक सम्मिलित हुए।

लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 का शुभारंभ जिज्ञासा का विषय बने

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के शुभारंभ कार्यक्रम की बेहतर तैयारी की जाए। राज्य स्तरीय कार्यक्रम 2 नवम्बर को भोपाल में होगा। इसमें प्रदेश की सभी लाड़ली लक्ष्मियों, 52 लाड़ली लक्ष्मी पथ के अतिथियों को भी वर्चुअली जोड़ा जाए। कार्यक्रम जिज्ञासा से भरा हो। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के लॉन्चिंग कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना की यात्रा वीडियो फिल्म एवं '17 साल-43 लाख लाड़ली लक्ष्मी' पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि का वितरण भी होगा। श्री चौहान ने निर्देश दिए कि भोपाल में लाड़ली लक्ष्मी पथ का चयन कर लिया जाए। प्रदेश के अन्य सभी जिलों में भी इनका चयन पूरा कर लिया जाए। लाड़लियों के माता-पिता एवं अभिभावकों को मुख्यमंत्री आत्मीय पत्र भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार बेहतर हो और उसे चर्चा का विषय बनाएं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम स्थल का चयन भी शीघ्र करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी बोझ नहीं वरदान है। होर्डिंग एवं पोस्टर ऐसे बनें कि वे आंगनवाड़ियों, पंचायत भवनों में स्थाई रूप से लगे रहें। लाड़ली लक्ष्मी पथ पर लाड़ली लक्ष्मी पर आधारित पेन्टिंग बनायी जाये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

15 अक्टूबर

भारत ने परमाणु पनडुब्बी से बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

● भारत ने परमाणु क्षमता से लैस पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत से बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में आईएनएस अरिहंत से सबमरीन लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का सफल परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने लक्ष्य क्षेत्र को सटीकता के साथ नष्ट किया। यह परीक्षण सभी परिचालन और तकनीकी मानकों पर खरा उतरा। मंत्रालय ने बताया कि आईएसएस अरिहंत भारत की पहली और एकमात्र परमाणु संचालित मिसाइल पनडुब्बी है। यह पनडुब्बी जमीन, हवा और समुद्र से परमाणु हमला करने में सक्षम है।

● सऊदी अरब ने महिलाओं को लेकर एक और ऐतिहासिक फैसला किया है। सऊदी अरब में अब महिलाओं को पुरुष साथी या मेहरम के बिना भी हज या उमराह करने की इजाजत होगी। सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्री तौफीक बिन फवजान अल रबियाह ने बताया कि यह फैसला दुनियाभर के सभी हज यात्रियों पर लागू होगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद महिलाएं अब बिना मेहरम के हज या उमराह के लिये सऊदी अरब आ सकती हैं।

16 अक्टूबर

आम लोग भी कर सकेंगे सैनिकों की आर्थिक सहायता में योगदान

● देश में आम नागरिक भी युद्ध में हताहत होने वाले सैनिकों के परिजनों की आर्थिक मदद कर सकेंगे। देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय की एक वेबसाइट 'मां भारती के सपूत' का शुभारंभ किया है। इस वेबसाइट के जरिये आमजन सशस्त्र बल युद्ध हताहत कल्याण कोष (एएफबीसीडब्ल्यूएफ) में योगदान कर सकेंगे। यह वेबसाइट नागरिकों और विभिन्न संस्थाओं की ओर से कल्याण कोष में योगदान करने की इच्छा व्यक्त किये जाने के बाद शुरू की गई है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार मां भारती के सपूत एक बैटल कैजुअल्टी वेलफेयर फंड होगा, जिसका इस्तेमाल देश के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के परिजन को तुरंत आर्थिक सहायता देने के लिये किया जायेगा।

● भारत चंद्रयान को लेकर अगला मिशन जल्द शुरू करने जा रहा है। यह जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. सिवन ने दी। डॉ. सिवन ने बताया कि मिशन चंद्रयान-2 की असफलता के दौरान जिन चीजों को चिन्हित किया गया है, उन सभी त्रुटियों को दूर किया गया है। फिलहाल इस परियोजना पर अभी टेस्टिंग चल रही है। टेस्टिंग पूरी होते ही अगले मिशन पर काम शुरू किया जायेगा। डॉ. सिवन ने कहा कि इसरो देश की सेवा में निरंतर लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि इसरो नासा के साथ मिलकर कई प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इन्हीं में से एक बेहद एडवांस टेक्नोलॉजी के सेटेलाइट को लॉन्च करने पर काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

17 अक्टूबर

देश में पहली बार दौड़ी एल्युमीनियम रैक वाली मालगाड़ी

● भारत में पहली बार मालगाड़ी में एल्युमीनियम के रैक लगाये गये हैं। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने स्वदेशी एल्युमीनियम रैक वाली मालगाड़ी को भुवनेश्वर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मालगाड़ी हल्की होने के साथ ही 180 टन अधिक भार ढोने में सक्षम है। इस मालगाड़ी के रैक को बेस्को लिमिटेड वैगन डिवीजन और एल्युमीनियम कंपनी हिंडाल्को के सहयोग से तैयार किया गया है। इस मालगाड़ी का कार्बन फुटप्रिंट काफी कम है। इस मालगाड़ी का प्रत्येक एल्युमीनियम रैक अपने सेवाकाल में लगभग 14,500 टन कम कार्बन उत्सर्जन करेगा। रेल मंत्री श्री अश्विन वैष्णव ने कहा कि हल्के एल्युमीनियम रैक रेलवे के लिये बड़ा नवाचार है। ये रैक ऊर्जा की खपत कम करने के साथ जंग प्रतिरोधी भी है।

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के रिसर्च एंड डेवलपमेंट फेयर 'इनवेंटिव' में देशभर के सभी आईआईटी संस्थानों ने अपने इनोवेशन प्रस्तुत किये। इनमें ऊर्जा, पर्यावरण, परिवहन, स्वास्थ्य, कचरा निपटान और प्लास्टिक से जुड़ी समस्याओं से निपटने के लिये तकनीकी समाधान शामिल हैं। आईआईटी दिल्ली ने वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी विकसित की है, जो अक्षय ऊर्जा को आसान तरीके से स्टोर कर सकती है। इस तकनीक में अक्षय ऊर्जा को कई मेगावॉट तक स्टोर करने की क्षमता है।

18 अक्टूबर

सेना ने शुरू की 363 नये ड्रोन खरीदने की प्रक्रिया

● भारतीय सेना ने अपनी लॉजिस्टिक श्रृंखला को मजबूत करने और सीमा क्षेत्रों में परिचालन तैयारियों को गति देने के लिये 363 ड्रोन खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय सेना ने बताया कि अब दूरदराज और ऊंची चोटियों पर तैनात सैनिकों को रसद और हथियार पहुंचाने का काम हेलीकॉप्टर की जगह ड्रोन के जरिये किया जायेगा। इससे न सिर्फ खर्च और समय बचेगा, बल्कि पायलट की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। इन ड्रोन के जरिये सियाचिन से लेकर अरुणाचल प्रदेश की तवांग घाटी तक हथियार पहुंचाना आसान हो जायेगा। सेना ने कहा कि बेहद ऊंचाई वाले इलाकों के लिये 163 ड्रोन तथा मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों के लिये 200 ड्रोन खरीदे जा रहे हैं। इन ड्रोन को आपात खरीद व्यवस्था के तहत खरीदा जा रहा है।

● केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने एक एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव में कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2030 तक देश का निर्यात 2 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 164 लाख करोड़) तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिये निर्यात की रफ्तार बनाये रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यात पर युद्ध और अन्य परिस्थितियों का कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा।

19 अक्टूबर

नये राष्ट्रीय राजमार्गों पर हेलीपैड बनाने पर विचार कर रही है सरकार

● केंद्र सरकार देश में नये राष्ट्रीय राजमार्गों पर हेलीपैड बनाने पर विचार कर रही है। यह जानकारी केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। श्री सिंधिया ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर हेलीपेड बनाने से आपात स्थिति में लोगों को तत्काल मदद पहुंचाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय और सड़क परिवहन मंत्रालय ने इस प्रस्ताव पर चर्चा की है। श्री सिंधिया ने कहा कि नये राष्ट्रीय राजमार्गों पर हेलीपैड होने चाहिये, ताकि बुनियादी ढांचा तैयार हो सके।

● भारत में एके-203 असॉल्ट राइफल का निर्माण इस वर्ष के अंत तक शुरू हो जायेगा। यह जानकारी एके-203 असॉल्ट राइफल बनाने वाली रूसी कंपनी रोसोबोरोनेक्सपोर्ट ने दी है। रोसोबोरोनेक्सपोर्ट रूस की सरकारी कंपनी रोसटेक स्टेट कॉर्पोरेशन की सहायक कंपनी है। रोसोबोरोनेक्सपोर्ट ने वर्ष 2019 में भारत में संयुक्त उद्यम लगाने का समझौता किया था। इस समझौते के तहत अमेठी जिले के कोरवा में एके-203 असॉल्ट राइफल बनाने की फैक्ट्री लगाई गई है।

20 अक्टूबर

भारत ने यूक्रेन में अपने नागरिकों के लिये जारी की एडवाइजरी

● भारत ने अपने सभी नागरिकों को यूक्रेन की यात्रा करने से बचने के लिये एक एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में यूक्रेन में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुये वहां रह रहे भारतीय छात्रों और नागरिकों को जल्द से जल्द यूक्रेन छोड़ने की सलाह दी है। यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने ट्विटर के जरिये एडवाइजरी जारी कर कहा कि युद्ध के कारण यूक्रेन में सुरक्षा स्थिति बिगड़ रही है, ऐसे में भारतीय नागरिकों को यूक्रेन की यात्रा नहीं करने की सलाह दी जाती है। भारतीय दूतावास ने रूस-यूक्रेन के युद्ध के पहले भी कई एडवाइजरी जारी की थीं, लेकिन छात्रों ने इसे महत्व नहीं दिया, जिसके बाद कई छात्र यूक्रेन में फंस गये थे। छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिये भारत सरकार ने दोनों देशों को कुछ घंटे के लिये युद्ध विराम के लिये राजी कर बड़े पैमाने पर अभियान चलाया था।

● भारत एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का अध्यक्ष बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की महासभा में भारत को अध्यक्ष और फ्रांस को सह-अध्यक्ष चुना गया है। आईएसए के महानिदेशक अजय माथुर ने बताया कि संगठन की पांचवीं महासभा में इन दोनों देशों को फिर से अपने-अपने पद पर चुन लिया गया है। भारत के ऊर्जा तथा नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह अध्यक्ष पद संभालेंगे तथा फ्रांस की ओर से विकास एवं अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी राज्यमंत्री सुश्री क्रिसूला जकारोपुलो सह-अध्यक्ष पद पर आसीन होंगी। भारत के ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का तेजी से विकास हुआ है। इसके सदस्यों की संख्या 110 तक पहुंच गई है।

21 अक्टूबर

भारतीय सेना खरीदेगी एक हजार कॉप्टर और 80 रिमोट संचालित विमान

● भारतीय सेना चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपने समग्र निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिये रिमोट संचालित 80 मिनी विमान प्रणाली और एक हजार निगरानी कॉप्टर की खरीद करेगी। सेना ने इसके लिये खरीदी प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेना के अनुसार रिमोट संचालित मिनी विमान रात-दिन निगरानी करने तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लक्ष्य का पता लगाने के लिये एक आदर्श मल्टी सेंसर प्रणाली है। यह मिनी विमान प्रणाली लक्ष्य का पता लगाने, पहचानने और विरोधियों के स्थान पर सटीक स्थिति के साथ-साथ सैनिक जमावड़े की हाई रिजॉल्यूशन तस्वीरें प्रदान करने में सक्षम होगी। सेना ने कहा कि आपातकालीन खरीद प्रक्रिया के तहत फास्ट ट्रैक प्रक्रिया के माध्यम से एक हजार निगरानी कॉप्टर की खरीद का उद्देश्य चीन के साथ सीमा पर निगरानी को बढ़ावा देना है।

● दुनियाभर में अवैध पुलिस चौकी खोलने के लिये वैश्विक निंदा का सामना कर चुका चीन अब कई देशों में वाणिज्य दूतावास और विदेशी अदालतें स्थापित कर रहा है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार चीन के इस कदम का उद्देश्य अन्य देशों में रह रहे चीनी नागरिकों को प्रभावित करना है और कम्युनिस्ट पार्टी के खिलाफ विदेशों में उपजे असंतोष को कुचलना है। इसके अलावा चीन इस कदम से संबंधित देशों की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप भी करना चाहता है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)

PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department

ADMISSION OPEN 2022-23

MASTER OF PHYSIOTHERAPY (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports)
2 years PG Degree Program, Eligibility : BPT

BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY
4½ years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.

BACHELOR MEDICAL LAB. TECHNICIAN
3 years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.

BACHELOR OF HUMAN NUTRITION
3 years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN MEDICAL LAB. TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN DIALYSIS TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN ANESTHESIA
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN X-RAY RADIOGRAPHER TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN OPTOMETRIC REFRACTION
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN CATH. LAB. TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

Attached with People's Teaching Hospital 1500 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. | Separate hostel facility Scholarship facility available. | Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. | Educational Visits and Student's Tour.

Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com

R-47681/2022

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 43 24.10.2022 से 30.10.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है।
रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

सभी जिलों में संचालित करें ऊर्जा संरक्षण अभियान - मुख्यमंत्री

प्रदेश में विद्युत की बचत का विचार जन-जन तक पहुंचाने के लिये जागरूकता अभियान का संचालन जरूरी है। जिलों में अभियान की गतिविधियां शुरू की जायें। ऊर्जा संरक्षण आज की जरूरत है। राज्य सरकार ने जनता को पर्याप्त बिजली सुविधा के लिये 24 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी देने का कार्य किया है। यदि 100 रुपये की बिजली नागरिक को उपलब्ध होती है तो सरकार के करीब एक हजार रुपये खर्च होते हैं। जिला स्तर पर कलेक्टर और संभाग स्तर पर कमिश्नर विद्युत प्रदाय से जुड़ी शिकायतों को दूर करवाएं। रबी फसलों की बुवाई के समय भी किसानों को बिना बाधा के जरूरी विद्युत की आपूर्ति होती रहे। अवैध कनेक्शन के मामलों में सख्त कार्यवाही हो, बेहतर बिजली प्रदाय के सभी संधारण कार्य और विद्युत देयकों की वसूली का कार्य किया जाये। गड़बड़ियों को सुधारा जाये। व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने में ग्रामवासियों का सहयोग भी लिया जाये। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री 18 अक्टूबर की सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दमोह जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रेष्ठ कार्य करने वाले पुरस्कृत किये जायेंगे। जिलों में पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें। अच्छा कार्य करने वाले अभिनंदनीय हैं, गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम भी उठायें जायेंगे। अवैध कार्यों में लिप्त व्यक्तियों पर प्रहार आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि योजना के क्रियान्वयन के समय सड़कों की स्थिति भी सही बनी रहे। यहां पाइप लाइन बिछाने से सड़कों की मरम्मत अब तक नहीं हो पाई है, उन कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाये। जल कर वसूली, नल-जल योजनाओं के संधारण के कार्य समय पर किये जायें। आम जनता को पीने के पानी की उपलब्धता हमारी प्राथमिकता है। पूर्ण हुई एकल जल योजनाओं और अन्य योजनाओं का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया जाये। कॉन्फ्रेंसिंग में जानकारी दी गई की 45 ग्रामों में विलेज वाटर एंड सैनिटेशन कमेटी काम कर रही है। साप्ताहिक बैठक कर मिशन के कार्यों की समीक्षा की जाती है। जिले में 160 ग्रामों में जल प्रदाय सुचारु है, शेष कार्य मार्च 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित शिकायतों पर सख्त कार्यवाही की जाये। यदि कहीं से भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त हो तो जांच कर कदम उठाये जायें। बताया गया कि जिले में कुल 1 लाख 5 हजार आवास गृह का लक्ष्य है। प्रतिमाह 1 हजार से 1800 तक आवास गृह बन रहे हैं। आवास प्लस में 20 हजार आवास का लक्ष्य मिला है। इनमें से 19 हजार 362 प्रकरण स्वीकृत हो गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता को केंद्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं सहित अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का पूरा लाभ दिलवाने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक राज्यव्यापी मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान संचालित किया जा रहा है। प्राप्त प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर पात्र हितग्राही को योजना का लाभ दिलवाने पर ध्यान दिया जाये। शिविरों के संचालन और नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलवाने का दायित्व गंभीरता से किया जाये। बताया गया कि प्राप्त 81 हजार 482 आवेदन पत्र में से 54 हजार 868 का निराकरण किया जा चुका है। सर्वाधिक आवेदन आयुष्मान कार्ड निर्माण के मिल रहे हैं। आगामी 26 अक्टूबर से अभियान के दूसरे चरण की कार्यवाही शुरू की जायेगी।

रात में दिखाई न देने की जन्मजात बीमारी का इलाज संभव

बच्चों में रात में दिखाई न देने की जन्मजात बीमारी होती है। 40 हजार बच्चों में से एक बच्चे में यह बीमारी पाई जाती है। वैज्ञानिकों ने बच्चों में पाई जाने वाली इस जन्मजात बीमारी का इलाज ढूंढ लिया है। पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के नेत्र रोग विशेषज्ञों ने लंबे शोध के बाद दावा किया है कि जीन थैरेपी की मदद से इस बीमारी से निजात पाई जा सकती है। शोधकर्ताओं ने 19 और 32 साल के दो लोगों पर शोध किया। कुछ दिनों के भीतर ही दोनों की आंखों की रोशनी लौट आई। शोध के मुताबिक दोनों मरीज लेबर कान्जेंटल अमोरोसिस (एलसीए) से पीड़ित थे। इन्हें दिन में धुंधला दिखाई देता था और रात में इनकी दृष्टि में सौ प्रतिशत तक कमी आ जाती थी, यानी इन्हें कुछ दिखाई नहीं देता था। शोधकर्ताओं ने बताया कि जीन जीयुसीवाई-2डी में उत्परिवर्तन के कारण रेटिना पर कार्बन की एक परत जैसी बन गई थी। इस बीमारी में कुछ लोगों में दृष्टिहीनता कुछ कम होती है और कुछ लोगों में ज्यादा। जन्म के शुरुआती महीनों में ही इसके लक्षण नजर आने लगते हैं। शोध के लेखक ने कहा कि शुरुआत में हमने दोनों मरीजों की आंख में पहली एएवी जीन थैरेपी दी। परिणाम चौंकाने वाले थे। आठ दिनों के भीतर ही दृश्यता के स्तर में सुधार दिखाई देने लगा। उन्हें बिल्कुल साफ नजर आने लगा। शोधकर्ता ने कहा कि इस मामले में अभी और शोध किये जाने की जरूरत है, क्योंकि फिलहाल शोध के लिये चयनित किये गये लोगों की संख्या बेहद कम थी। शोधकर्ता ने बताया कि इस थैरेपी के जरिये स्वस्थ डीएनए को रेटिना तक पहुंचाया गया, जो तेजी से स्वस्थ कोशिकाओं की संख्या बढ़ा देते हैं। इन कोशिकाओं को रॉड सेल्स कहा जाता है, जो प्रकाश के प्रति संवेदनशील होती हैं, जिसकी वजह से हमें दिखाई देता है, उन्होंने कहा कि यह देखना रोमांचकारी है कि दशकों पुरानी इस बीमारी को आसानी से जीन थैरेपी की मदद से ठीक किया जा सकता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस | 17 अक्टूबर

गरीब हो या अमीर सबको मिले समान सम्मान

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास

जनकवि बाबा नागार्जुन की यह पंक्ति गरीबी और भुखमरी की उस तस्वीर को बयां करती है, जो हम आप हर दिन अपने आसपास देखते या महसूस करते हैं। अपराध, आर्थिक तंगी की वजह से सामूहिक आत्महत्या की खबरें, बच्चों का सड़कों पर भीख मांगना। यह वे दृश्य हैं जो गरीबी या भुखमरी शब्द सुनते ही हमारे सामने दिखाई देने लगते हैं। नोबल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन शिक्षा को अत्यधिक महत्व देते हैं। उनका मानना है कि शिक्षा का पिछड़ापन ही गरीबी का मूल कारण है। उनका मानना है कि सरकार को शिक्षा अनिवार्य कर देनी चाहिये ताकि शिक्षित समाज का निर्माण हो सके एवं देश का विकास हो। गरीबी के उन्मूलन के लिए प्रतिवर्ष 17 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस मनाया जाता है।

गरीबी से आशय

गरीबी को एक ऐसी स्थिति के रूप में समझा जा सकता है, जिसमें व्यक्ति जीवन यापन के लिए बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं होता है। इन बुनियादी आवश्यकताओं में रोटी, वस्त्र और घर शामिल हैं। चरम गरीबी अंततः मृत्यु की ओर ले जाती है। भारत में उपभोग और आय दोनों के आधार पर गरीबी के स्तर का आकलन किया जाता है। उपभोग की गणना उस धन के आधार पर करते हैं जो एक परिवार आवश्यक वस्तुओं पर खर्च करता है और आय की गणना उस परिवार द्वारा अर्जित आय के आधार पर करते हैं। एक और महत्वपूर्ण अवधारणा जिसका उल्लेख किया जाना जरूरी है, वह है गरीबी रेखा की अवधारणा। यह गरीबी रेखा भारत में गरीबी के मापन के लिये एक बेंचमार्क का काम करती है। गरीबी रेखा को आय के उस अनुमानित न्यूनतम स्तर के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो परिवार को जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो। 2014 तक गरीबी रेखा का स्तर ग्रामीण इलाकों में 32 रुपये प्रतिदिन और कस्बों तथा शहरों में 47 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित की गई थी।

गरीबी उन्मूलन दिवस का इतिहास

गरीबी उन्मूलन दिवस सर्वप्रथम पेरिस में 17 अक्टूबर सन् 1987 में ह्यूमन राइट्स एंड लिबर्टी प्लाजा में मनाया गया था, जिसमें कई ऐसे लोगों को सम्मानित किया गया था जो कठिन गरीबी से निकलकर एक सफल व्यक्ति बनने में सफल हुए थे। इस समारोह के 5 साल बाद सन् 1992 में संयुक्त राष्ट्र की महासभा में सर्व सहमति से अध्यादेश पारित करके 17 अक्टूबर को विश्व गरीबी उन्मूलन दिवस मनाने का निश्चय किया गया। साथ ही यह भी तय किया गया कि हर वर्ष इस दिन को एक नए नजरिए और नए आयाम से एक नई थीम के साथ मनाया जाए ताकि लोग इस विषय पर तत्कालीन स्थितियों के प्रभाव को गरीबी से जोड़कर देख सकें।

सबको मिले सम्मान

प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस एक विशेष थीम या विषय के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस 2022 की थीम है 'डिग्निटी फॉर ऑल इन प्रैक्टिस' है। इसका अर्थ अगर हम सरल शब्दों में समझें तो यही है कि हमारे ही नहीं, बल्कि समूचे विश्व के

विकसित एवं विकासशील देशों में अपने संविधान में गरिमा पूर्ण जीवन जीने के अधिकार को एक मौलिक अधिकार माना है। किंतु जैसा कि हमें ज्ञात है कि गरीब व्यक्ति ना सिर्फ आर्थिक तंगी का शिकार होता है, बल्कि उन्हें जीवन की गरिमा से भी दूर कर दिया जाता है। न ही उच्च वर्ग और समाज द्वारा गरीबों को बराबरी की नजर से देखा जाता है न ही उन्हें वे मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं, जिसके वह भी उतने ही हकदार हैं जितने समाज के उच्च वर्ग के लोग। इस वर्ष की थीम यही रखी गई है कि गरीबों को भी गरिमा पूर्ण जीवन जीने का अधिकार मिले और उनकी आर्थिक दुर्बलता के कारण उनसे उनके जीवन की गरिमा कोई ना छीन सके। इसके लिए सभी को अपने-अपने स्तर पर प्रयास करने होंगे।

भारत में गरीबी

भारत को पश्चिम की दुनिया में अक्सर थर्ड वर्ल्ड कंट्री यानी तीसरी दुनिया के देश के तौर पर देखा जाता है। जिसका अर्थ पश्चिम की दुनिया में आर्थिक तंगी के रूप से निकाला जाता है। हालांकि भारत आज विकसित होने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है किंतु इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि आंकड़ों के हिसाब से देखा जाए तो दुनिया में लाखों गरीब लोग भारत में भी रहते हैं। एक सर्वे के अनुसार, कोरोना महामारी के कारण 5.6 करोड़ लोग जो गरीबी से निकल चुके थे फिर से गरीबी रेखा के नीचे पहुंच गए। हालांकि भारत में सरकारों द्वारा कई ऐसी योजनाएं लागू की गई हैं, जो गरीबों के उत्थान के लिए सालों से कार्यरत हैं, लेकिन फिर भी भारत की बड़ी जनसंख्या को इन योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2021 में भारत 109 देशों में 66वें स्थान पर है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2021 में, भारत 116 देशों में से 101वें स्थान पर है, 29.1 के स्कोर के साथ भारत देश में भूख का स्तर गंभीर है। वैश्विक खाद्य सुरक्षा (जीएफएस) इंडेक्स 2021 में भारत 113 देशों में साथ 71वें स्थान पर रहा। वैश्विक युवा विकास सूचकांक 2020 अनुसार, 181 देशों में भारत 122वें स्थान पर है। आर्थिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की विश्वव्यापी रैंकिंग मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2021 भारत 119 स्थान पर है। नीति आयोग के अनुसार भारत में 25 प्रतिशत जनसंख्या गरीब है।

कितनी बदली है भारत की तस्वीर

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार वर्ष 2005-06 से लेकर 2019-21 के बीच भारत में करीब 41.5 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए हैं और इस मामले में एक 'ऐतिहासिक परिवर्तन' देखने को मिला है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) और ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (OPHI) की तरफ से जारी बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) में भारत के गरीबी उन्मूलन प्रयासों की सराहना की गई। इसके मुताबिक वर्ष 2005-06 से लेकर 2019-21 के दौरान भारत में 41.5 करोड़ लोग गरीबी की गिरफ्त से बाहर आने में सफल रहे। एमपीआई रिपोर्ट में इस कामयाबी को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक उल्लेखनीय प्रयास बताया है। रिपोर्ट कहती है, 'वर्ष 2030 तक गरीबों की संख्या को आधा करने के सतत विकास लक्ष्यों को बड़े पैमाने पर हासिल कर पाना संभव है।' संयुक्त राष्ट्र ने एक प्रेस विज्ञप्ति में इस रिपोर्ट का विवरण देते हुए कहा कि भारत में इन 15 वर्षों के दौरान करीब 41.5 करोड़ लोगों का बहुआयामी गरीबी के चंगुल से बाहर निकल पाना एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, 'सतत विकास लक्ष्यों के नज़रिये से भारत का मामला अध्ययन करने लायक है। यह गरीबी को पूरी तरह से खत्म करने और गरीबी में रहने वाले सभी पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों की संख्या को वर्ष 2030 तक आधा करने के बारे में है।'

वर्ल्ड बैंक की गरीबी पर रिपोर्ट

वर्ल्ड बैंक हर वर्ष गरीबी को लेकर अपने आंकड़े जारी करता है जो कि इस वर्ष काफी भयावह दिख रहे हैं। कुछ वर्षों पहले वर्ल्ड बैंक ने यह आंकड़े जारी किए थे कि सन 2030 तक दुनिया से एक्सट्रीम पॉवर्टी यानी अत्यधिक गरीबी ख़त्म की जा सकेगी। (वर्ल्ड बैंक के अनुसार एक्सट्रीम पावर्टी का अर्थ उस परिवार के लोग हैं जो परिवार दिन के 2.15 डॉलर अथवा 177 रुपये प्रतिदिन से कम की आय में अपना गुजारा चला रहा है)। किंतु अब कोरोना महामारी एवं यूक्रेन और रूस युद्ध के चलते वर्ल्ड बैंक का कहना है कि सन् 2030 तक एक्सट्रीम पॉवर्टी के खत्म होने की संभावना नहीं दिख रही है इसका एक कारण यह भी है कि केवल कोरोना महामारी ने 7.1 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से नीचे धकेलने का काम किया है और विश्व में ऐसा संकट पैदा किया है जो कि सन 2008 की आर्थिक मंदी में भी नहीं हुआ था। इस वर्ष की वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट यह भी दर्शाती है कि अगर आज जल्दी कई आर्थिक सुधार नहीं किए गए तो इस दशक के अंत तक विश्व में लगभग 60 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे होंगे, जिनमें से ज्यादातर अफ्रीका में होंगे।

गरीबी को खत्म करने के लिए अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन के कुछ सुझाव

यदि सरकारों को तीव्र आर्थिक विकास दर प्राप्त करनी है तो सामाजिक मदों में अपने खर्च को बढ़ाना चाहिये ताकि लोगों की क्रय शक्ति बढ़े एवं जीवनस्तर में सुधार हो। सरकारों की पहली प्राथमिकता सामाजिक विकास ही होनी चाहिये अर्थात् वे विकास दर के ऊपर सामाजिक विकास को प्राथमिकता देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी उन्मूलन आदि कार्यक्रमों को सरकार को अपने हाथ में लेना चाहिये।

वस्तुतः यह आवश्यक नहीं है कि भोजन की पर्याप्त मात्रा होने पर गरीबों को भोजन मिल ही जाएगा क्योंकि महंगाई एवं जमाखोरी आदि के कारण ऐसा भी संभव है कि गरीब लोग भोजन खरीद ही न पाएं। उनका मानना है कि पूंजीवादी व्यवस्था में समस्या उत्पादन के क्षेत्र में न होकर वितरण के क्षेत्र में है इसलिए वे वितरण प्रक्रिया पर ज़ोर देते हुए 'एक्टिव रिडिस्ट्रीब्यूशन' की बात करते हैं।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019

परीक्षा दिनांक 12.01.2020 (रविवार)

पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्रमांक-7819/04/2020/अनु.-10 **इन्दौर, दिनांक 10.10.2022**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित, विज्ञापन क्र.-03/2019/14.11.2019, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि-09.12.2019, (1) शुद्धि पत्र क्र.-01/03/2019 दिनांक 18.11.2019 (परीक्षा शुल्क के संबंध में), (2) शुद्धि पत्र क्र.-02/03/2019 दिनांक 19.11.2019 (पद संयोजन के संबंध में), (3) शुद्धि पत्र क्र.-03/03/2019 दिनांक 05.11.2019 (पद संयोजन/पद संशोधन के संबंध में), (4) शुद्धि पत्र क्रमांक-04/03/2019 दिनांक 09.12.2019 (अधिकतम आयु सीमा एवं ऑनलाइन आवेदन अवधि में वृद्धि की सूचना के संबंध में), (5) शुद्धि पत्र क्रमांक-05/03/2019 दिनांक 12.12.2019 (पद संयोजन के संबंध में), (6) शुद्धि पत्र क्रमांक-06/03-04/2019, दिनांक 02.01.2020 (प्रवेश पत्र उपलब्धता अवधि में परिवर्तन की सूचना के संबंध में), (7) शुद्धि पत्र क्रमांक-07/03/2019, दिनांक 28.01.2020 (रिक्तियों की संख्या के संशोधन की सूचना के संबंध में) तथा (8) शुद्धि पत्र क्रमांक-08/03/2019, दिनांक 17.12.2020 (रिक्तियों की संख्या में संशोधन एवं वर्दीधारी पदों हेतु आयु सीमा के निर्धारण की सूचना) के अंतर्गत **कुल-571** पदों हेतु राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019, परीक्षा दिनांक 12.01.2020 (रविवार) को दो सत्रों में प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र सामान्य अभिरुचि परीक्षण अपराह्न 02:15 से 04:15 बजे तक तक प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों पर परीक्षा आयोजित की गई थी।

02. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की श्रेणीवार कुल संख्या निम्नानुसार है :

श्रेणी	कुल विज्ञापित पद	भूतपूर्व सैनिक	दिव्यांगजन
अनारक्षित (UR)	137	11	दृष्टिबाधित (VH)-8
अनुसूचित जाति (SC)	79	2	श्रवणबाधित (HH)-7
अनुसूचित जनजाति (ST)	102	3	अस्थिबाधित (OH)-7
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	196	5	बहुविकलांग (MD)-3
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	57	1	
कुल	**571**	**22**	**कुल-25**

03. राज्य सेवा परीक्षा 2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के 'पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022' के प्रकाश में आयोग द्वारा अपनी बैठक में दिनांक 29.09.2022 के निर्णय क्र.-26 में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2019 का पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया :

परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जाए :

1. सर्वप्रथम सभी विज्ञापनों में अन्य पिछड़ा वर्ग के वर्तमान विज्ञापित पदों को 27 प्रतिशत मान्य करते हुए उन्हें 14 प्रतिशत मुख्य भाग हेतु एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग हेतु गणना कर पृथक-पृथक किया जाए। साथ ही समस्त विभागों से 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के विज्ञापित पदों का विभाजित विवरण मांग लिया जाए।
2. उपरोक्त विभाजित 14 प्रतिशत पदों को अन्य वर्गों हेतु विज्ञापित पदों में जोड़कर कुल विज्ञापित पदों के 87 प्रतिशत पदों को मुख्य भाग लेकर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए।
3. उपरोक्त (1) की गणना के अनुसार प्राप्त अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 13 प्रतिशत पदों के लिए अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को लेकर विज्ञापित पद संख्या के आधार पर प्रावधिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शार्टलिस्टेड) प्रावधिक अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
4. समस्त चयन प्रक्रियाओं में साक्षात्कार आयोजन के समय तक संबंधित विभागों से सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र के संदर्भ में पुनरीक्षित अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विभाजित पद विवरण सहित सभी पदों का विज्ञापित पद विवरण अनिवार्यतः मांग लिया जाए। विभागों से पुनरीक्षित पद विवरण प्राप्त होने के उपरांत विज्ञापित पदों के मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के पदों की विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
5. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का वचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।
6. तत्पश्चात मुख्य भाग (87 प्रतिशत) का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर अनुशंसा संबंधित विभागों को प्रेषित की जाए।
7. प्रावधिक भाग का अंतिम चयन परिणाम दोनों वर्गों (अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) के लिए तैयार कर दो पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफों में रख दिया जाए। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के पश्चात जिस भी वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्णय होता है वह लिफाफा खोलकर चयन परिणाम घोषित कर विभागों को अनुशंसा प्रेषित की जाए।
8. सभी लंबित लिखित परीक्षाओं/साक्षात्कार होने वाले या सम्पन्न हो चुके भर्ती परीक्षाओं के परिणाम यथाशीघ्र घोषित किए जाए।
9. उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करने के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र का उल्लेख करते हुए परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया से संबंधित विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
10. माननीय उच्च न्यायालय मुख्य पीठ, जबलपुर द्वारा डब्ल्यू.पी.-542/2021 एवं अन्य याचिकाओं के अंतिम निर्णय दिनांक 07.04.2022 के परिपालन में राज्य सेवा/राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 के पूर्व घोषित दोनों परीक्षा परिणाम दिनांक 21.12.2020 निरस्त किए जाते हैं। इस अनुक्रम में पूर्व घोषित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा परिणाम-2019 के परीक्षा परिणाम दिनांक 31.12.2021 एवं राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा परीक्षा परिणाम दिनांक 31.12.2021 भी निरस्त किए जाते हैं।

राज्य सेवा/राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 के उपरोक्त पुनरीक्षित किये जाने वाले परीक्षा परिणाम में राज्य सेवा/राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 हेतु अर्ह होने वाले सभी अभ्यर्थियों की पुनः राज्य सेवा/राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 का आयोजन किया जाएगा तथा पूर्व में आयोजित राज्य सेवा/राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 हेतु आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को नवीन राज्य सेवा/राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 के आवेदन शुल्क से मुक्त रखा जायेगा।

11. समस्त परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका डब्ल्यू.पी.-5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन होंगे।

04. उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करते हुए पुनरीक्षित लिखित परीक्षा परिणाम निम्नानुसार दो भागों में है- (अ) मुख्य भाग (87 प्रतिशत) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु)।

मुख्य भाग-अ के लिए मुख्य परीक्षा हेतु उपरोक्त पदों के 15 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल अभ्यर्थियों का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है :

मुख्य भाग-अ

श्रेणी	कुल अर्ह अभ्यर्थी	भूतपूर्व सैनिक	दिव्यांगजन
अनारक्षित (UR)	3004	166	दृष्टिबाधित (VH)-115
अनुसूचित जाति (SC)	1420	34	श्रवणबाधित (HH)-105
अनुसूचित जनजाति (ST)	1800	13	अस्थिबाधित (OH)-76
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	1715	80	बहुविकलांग (MD)-47
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	1026	02	
कुल	**8965**	**295**	**कुल-343**

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 के पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम में मुख्य परीक्षा भाग-अ के लिए प्रावधिक रूप से अर्ह पाए गए कुल-8965 आवेदकों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE SERVICE PRELIMINARY EXAMINATION 2019 - REVISED PART A (MAIN)
ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1.	100021	70.	101075	139.	102253	208.	103039
2.	100025	71.	101084	140.	102260	209.	103049
3.	100047	72.	101140	141.	102267	210.	103052
4.	100053	73.	101160	142.	102306	211.	103057
5.	100056	74.	101165	143.	102317	212.	103069
6.	100057	75.	101224	144.	102320	213.	103076
7.	100060	76.	101226	145.	102335	214.	103083
8.	100068	77.	101228	146.	102339	215.	103102
9.	100071	78.	101230	147.	102356	216.	103108
10.	100077	79.	101254	148.	102370	217.	103126
11.	100096	80.	101263	149.	102373	218.	103205
12.	100105	81.	101288	150.	102388	219.	103237
13.	100108	82.	101298	151.	102390	220.	103276
14.	100123	83.	101320	152.	102401	221.	103284
15.	100129	84.	101358	153.	102402	222.	103291
16.	100134	85.	101381	154.	102405	223.	103297
17.	100154	86.	101401	155.	102417	224.	103303
18.	100179	87.	101409	156.	102443	225.	103338
19.	100191	88.	101448	157.	102452	226.	103344
20.	100213	89.	101474	158.	102473	227.	103364
21.	100216	90.	101491	159.	102474	228.	103376
22.	100252	91.	101495	160.	102475	229.	103388
23.	100281	92.	101522	161.	102481	230.	103425
24.	100283	93.	101556	162.	102482	231.	103429
25.	100300	94.	101573	163.	102489	232.	103445
26.	100304	95.	101575	164.	102501	233.	103468
27.	100314	96.	101583	165.	102521	234.	103477
28.	100335	97.	101589	166.	102528	235.	103480
29.	100398	98.	101595	167.	102540	236.	103503
30.	100439	99.	101599	168.	102541	237.	103531
31.	100446	100.	101609	169.	102568	238.	103544
32.	100451	101.	101620	170.	102601	239.	103552
33.	100463	102.	101621	171.	102610	240.	103553
34.	100470	103.	101626	172.	102624	241.	103563
35.	100493	104.	101647	173.	102631	242.	103579
36.	100502	105.	101716	174.	102639	243.	103581
37.	100574	106.	101733	175.	102647	244.	103592
38.	100579	107.	101746	176.	102653	245.	103608
39.	100596	108.	101747	177.	102673	246.	103617
40.	100598	109.	101748	178.	102679	247.	103628
41.	100607	110.	101782	179.	102685	248.	103634
42.	100642	111.	101795	180.	102689	249.	103647
43.	100647	112.	101812	181.	102694	250.	103651
44.	100659	113.	101819	182.	102708	251.	103653
45.	100660	114.	101854	183.	102714	252.	103656
46.	100705	115.	101861	184.	102724	253.	103664
47.	100726	116.	101863	185.	102732	254.	103674
48.	100747	117.	101871	186.	102745	255.	103702
49.	100751	118.	101887	187.	102748	256.	103703
50.	100768	119.	101902	188.	102772	257.	103705
51.	100794	120.	101949	189.	102774	258.	103715
52.	100813	121.	101984	190.	102777	259.	103783
53.	100822	122.	101987	191.	102782	260.	103806
54.	100827	123.	101994	192.	102786	261.	103824
55.	100832	124.	102001	193.	102811	262.	103857
56.	100856	125.	102026	194.	102844	263.	103871
57.	100869	126.	102035	195.	102855	264.	103880
58.	100885	127.	102054	196.	102862	265.	103891
59.	100935	128.	102065	197.	102873	266.	103905
60.	100953	129.	102079	198.	102875	267.	103912
61.	100963	130.	102092	199.	102885	268.	103917
62.	100979	131.	102094	200.	102941	269.	103919
63.	100982	132.	102125	201.	102967	270.	103944
64.	101005	133.	102127	202.	102986	271.	103947
65.	101021	134.	102172	203.	102996	272.	103966
66.	101023	135.	102204	204.	103014	273.	103974
67.	101024	136.	102225	205.	103028	274.	103982
68.	101059	137.	102230	206.	103031	275.	103995
69.	101072	138.	102248	207.	103032	276.	104000

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
277.	104025	364.	105344	451.	106865	538.	108084	625.	109394	712.	110626	799.	112088	886.	113355
278.	104035	365.	105383	452.	106874	539.	108106	626.	109405	713.	110690	800.	112089	887.	113361
279.	104036	366.	105387	453.	106881	540.	108128	627.	109418	714.	110699	801.	112113	888.	113371
280.	104050	367.	105394	454.	106886	541.	108176	628.	109433	715.	110716	802.	112115	889.	113376
281.	104053	368.	105400	455.	106889	542.	108178	629.	109481	716.	110720	803.	112122	890.	113384
282.	104104	369.	105416	456.	106900	543.	108213	630.	109498	717.	110741	804.	112124	891.	113393
283.	104125	370.	105417	457.	106906	544.	108214	631.	109530	718.	110756	805.	112129	892.	113404
284.	104131	371.	105431	458.	106911	545.	108215	632.	109559	719.	110757	806.	112130	893.	113412
285.	104147	372.	105441	459.	106936	546.	108228	633.	109566	720.	110785	807.	112131	894.	113422
286.	104149	373.	105474	460.	106974	547.	108245	634.	109627	721.	110809	808.	112144	895.	113430
287.	104183	374.	105476	461.	106976	548.	108252	635.	109641	722.	110817	809.	112157	896.	113434
288.	104232	375.	105496	462.	107040	549.	108253	636.	109645	723.	110837	810.	112168	897.	113440
289.	104243	376.	105530	463.	107044	550.	108256	637.	109666	724.	110842	811.	112181	898.	113460
290.	104257	377.	105568	464.	107056	551.	108273	638.	109682	725.	110862	812.	112206	899.	113468
291.	104263	378.	105575	465.	107082	552.	108279	639.	109686	726.	110875	813.	112208	900.	113470
292.	104266	379.	105576	466.	107095	553.	108285	640.	109706	727.	110876	814.	112221	901.	113491
293.	104278	380.	105587	467.	107099	554.	108291	641.	109723	728.	110924	815.	112235	902.	113528
294.	104279	381.	105595	468.	107104	555.	108305	642.	109730	729.	110928	816.	112248	903.	113557
295.	104305	382.	105607	469.	107109	556.	108334	643.	109738	730.	110937	817.	112263	904.	113563
296.	104343	383.	105612	470.	107117	557.	108368	644.	109781	731.	110942	818.	112282	905.	113576
297.	104362	384.	105622	471.	107118	558.	108369	645.	109830	732.	110980	819.	112284	906.	113619
298.	104367	385.	105641	472.	107124	559.	108374	646.	109837	733.	110999	820.	112292	907.	113656
299.	104395	386.	105668	473.	107148	560.	108377	647.	109844	734.	111009	821.	112310	908.	113685
300.	104397	387.	105722	474.	107164	561.	108385	648.	109846	735.	111011	822.	112314	909.	113687
301.	104419	388.	105733	475.	107174	562.	108395	649.	109847	736.	111014	823.	112319	910.	113714
302.	104422	389.	105746	476.	107204	563.	108403	650.	109866	737.	111028	824.	112351	911.	113716
303.	104439	390.	105768	477.	107207	564.	108428	651.	109886	738.	111031	825.	112357	912.	113749
304.	104467	391.	105785	478.	107215	565.	108431	652.	109930	739.	111047	826.	112436	913.	113750
305.	104479	392.	105796	479.	107227	566.	108446	653.	109933	740.	111054	827.	112455	914.	113767
306.	104484	393.	105801	480.	107240	567.	108457	654.	109939	741.	111089	828.	112511	915.	113771
307.	104485	394.	105812	481.	107247	568.	108464	655.	109951	742.	111094	829.	112517	916.	113819
308.	104510	395.	105879	482.	107249	569.	108478	656.	109959	743.	111109	830.	112556	917.	113830
309.	104562	396.	105894	483.	107250	570.	108488	657.	109966	744.	111113	831.	112563	918.	113838
310.	104568	397.	105899	484.	107251	571.	108502	658.	109972	745.	111136	832.	112581	919.	113864
311.	104571	398.	105910	485.	107257	572.	108563	659.	109978	746.	111138	833.	112596	920.	113876
312.	104589	399.	105921	486.	107270	573.	108598	660.	109983	747.	111143	834.	112609	921.	113892
313.	104598	400.	105938	487.	107273	574.	108624	661.	109985	748.	111182	835.	112632	922.	113908
314.	104609	401.	105946	488.	107323	575.	108636	662.	109996	749.	111184	836.	112641	923.	113926
315.	104612	402.	105961	489.	107346	576.	108643	663.	110005	750.	111202	837.	112653	924.	113952
316.	104626	403.	105962	490.	107368	577.	108648	664.	110010	751.	111215	838.	112659	925.	113956
317.	104627	404.	105973	491.	107372	578.	108686	665.	110015	752.	111225	839.	112662	926.	113963
318.	104656	405.	105977	492.	107374	579.	108708	666.	110028	753.	111228	840.	112667	927.	113972
319.	104679	406.	105988	493.	107384	580.	108742	667.	110048	754.	111244	841.	112701	928.	113978
320.	104689	407.	105992	494.	107405	581.	108743	668.	110049	755.	111252	842.	112706	929.	113982
321.	104695	408.	106000	495.	107414	582.	108752	669.	110051	756.	111258	843.	112712	930.	113986
322.	104700	409.	106031	496.	107434	583.	108758	670.	110057	757.	111265	844.	112731	931.	114001
323.	104711	410.	106046	497.	107444	584.	108775	671.	110063	758.	111274	845.	112732	932.	114024
324.	104718	411.	106051	498.	107452	585.	108776	672.	110071	759.	111302	846.	112745	933.	114045
कंपनी ने अपने नर्मदापुरम् स्थित 220 के.व्ही. सबस्टेशन में एक नया 160 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। इसमें नवाचार करते हुये अत्याधुनिक तकनीक की बुशिंग का उपयोग किया गया है। पूर्व में आईल एवं पेपर माध्यम वाली बुशिंग अपने स्वभाव के कारण नमी सोख लेती थी, जो पावर ट्रांसफार्मर फेल्युअर की एक बड़ी वजह है। इस नई रेसिन इम्प्रीग्नेटेड पेपर बुशिंग में रेसिन माध्यम रहता है, जो लंबे समय तक बुशिंग के मूल अंदरूनी पैरामीटर्स टेन डेल्टा (कुचालक क्षमता) को अप्रभावित रखता है। इससे ट्रांसफार्मर के अचानक फेल होने की संभावना न्यूनतम हो जाती है।

श्री इकबाल खान ने तैयार किये आवश्यक तकनीकी पैरामीटर्स

कंपनी के मुख्य अभियंता श्री अजय श्रीवास्तव ने बताया कि वर्षों से चली आ रही परंपरागत बुशिंग को बदलने की चुनौती को मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रोक्योरमेंट संकाय के अभियंताओं ने स्वीकार किया। कई दिनों की मेहनत के बाद कार्यपालन अभियंता श्री इकबाल खान ने विश्व के विभिन्न हिस्सों में उपयोग हो रही इन बुशिंग की कार्यप्रणाली और विभिन्न केस पेपर का अध्ययन कर सुरक्षित और प्रभावी तकनीकी डेटा तैयार करने में सफलता पायी। इसके अनुसार संबंधित निर्माता निर्धारित मापदंड की बुशिंग उपलब्ध करा पाया।

पहले चरण में 220 के.व्ही. से ऊपर की बुशिंग होगी उपयोग

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन ने अब अपने 220 के.व्ही. और 400 के.व्ही. के वोल्टेज स्तर के ट्रांसफार्मर्स में इन अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित बुशिंग का उपयोग करना प्रारंभ किया है। इसे बाद में 132 के.व्ही. वोल्टेज लेवल के ट्रांसफार्मर में भी उपयोग किया जा सकेगा।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पूर्व आएगा उद्योग क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश - मुख्यमंत्री

भोपाल, इंदौर में 11-12 जनवरी 2023 को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से नए-नए उद्योग क्षेत्रों में निवेश आने में मदद मिलेगी। पूर्व में हुई ऐसी समस्त समिट के फलस्वरूप ही प्रदेश में निवेश आया और बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को काम मिला। इंदौर समिट में अभी लगभग तीन माह का समय है। इससे पहले निवेश के कई ठोस और गंभीर प्रस्ताव जमीन पर उतारने का कार्य हो रहा है। प्रदेश में उद्योगों के विकास और उसके कारण आर्थिक गतिविधियों में तेजी से वृद्धि का लक्ष्य पूरा हो रहा है। औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा नए निवेश प्रस्तावों का तेजी से क्रियान्वयन किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल मंत्रालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा करते हुये।

मध्यप्रदेश का फार्मा पार्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में बल्क ड्रग पार्क स्थापना की पहल प्रशंसनीय है। इंडियन ड्रग मेन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के साथ इसकी स्थापना के प्रस्ताव का अध्ययन कर जरूरी कदम उठाए जाएं। मालवा अंचल में मध्यप्रदेश राज्य का फार्मा पार्क बनाने की संभावनाओं को साकार करने आवश्यक कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक स्थापना और पूंजी निवेश के लिए आवश्यक वातावरण बना हुआ है।

ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का प्रजेंटेशन

श्री चौहान ने इंटरनेशनल ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट और मेगा इन्वेस्टमेंट के संबंध में औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा तैयार प्रजेंटेशन देखा। बताया गया कि ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट एंड मेगा इन्वेस्टमेंट रीजन से आने वाले कुछ वर्ष में लगभग 6 लाख से अधिक युवाओं को रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे।

हुक्का बार और लॉउंज पर सख्ती के लिये कोटपा-2003 में कर रहे हैं संशोधन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिये चौ-तरफा कार्यवाही की जा रही है। नशा मुक्ति अभियान को प्रदेश में सघनता से चलाया जा रहा है। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि हुक्का बार और लॉउंज पर सख्ती से रोक लगाने के लिये सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का निषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) अधिनियम-2003 (COTPA) में संशोधन किया जा रहा है। नशा मुक्ति अभियान में कोटपा में 3 हजार 814 प्रकरण में 4 हजार 416 आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

गृह मंत्री ने बताया कि कोटपा में संशोधन कर हुक्का बार और लॉउंज को प्रतिबंधित कर, इसे संचालित करने वालों के विरुद्ध न्यूनतम 50 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक के जुर्माना और न्यूनतम एक से 3 साल तक की सजा का प्रावधान प्रस्तावित है। वर्तमान में कोटपा में हुक्का बार एवं लॉउंज संचालित करने वालों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा-144 में कार्यवाही की जाती है। प्रदेश में अब तक सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 3 हजार 953 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

नशा मुक्ति अभियान में अब तक 97 हजार 655 लीटर अवैध शराब जब्त की जाकर 13 हजार 237 लोग के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। अब तक एनडीपीएस एक्ट में 205 आरोपी से 2729.596 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। सिंगरौली में 180 हरे गांजे के पेड़ जब्त किये गये हैं। उज्जैन में 500 लीटर लहान जब्त कर नष्ट की गई। 8 एवं 9 अक्टूबर को 442, 10 को 542, 11 को 759, 12 को 889, 13 को 806, 14 को 917, 15 को 1012, 16 को 1037 एवं 17 अक्टूबर को 960, कुल 7 हजार 364 जन-जागरूकता कार्यक्रम किये जा चुके हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश भवन विकास निगम

सीएम राइज स्कूल के भवनों का निर्माण कार्य तेजी से करें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के संचालक मण्डल की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता से निश्चित समय-सीमा में पूर्ण हों। युद्ध स्तर पर सीएम राइज स्कूल के भवनों का चयन कर उनका निर्माण तेजी से पूरा किया जाए, जिससे अगले वर्ष तक उन्हें शुरू कराया जा सके। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के संचालक मण्डल की प्रथम बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर संभाग में एक-एक सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भवन विकास निगम में स्थाई भर्तियां की जाएं। निगम की अच्छी छवि बने, जिससे उसकी चर्चा पूरे देश में हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निगम की वेबसाइट एवं वर्क मैनेजमेंट सिस्टम का लोकार्पण किया।

लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने निगम द्वारा उठाए जा रहे कदम को निर्माण विभागों के लिए अनुकरणीय पहल बताया। बैठक में बताया गया कि अब संबंधित विभाग भवन विकास निगम को सौंपे गए कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की रियल टाइम मॉनीटरिंग कर सकेंगे। साथ ही कार्यों से संबंधित सभी जानकारी वर्क्स मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर से डाउनलोड कर सकेंगे। कार्यों के प्राक्कलन एवं तकनीकी स्वीकृति का कार्य ऑनलाइन किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि निगम को विभिन्न विभागों ने लगभग 6 हजार 525 करोड़ रुपये के कार्य आवंटित किए हैं। निगम में 1 हजार 974 करोड़ रुपये के कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त है। इनमें से 1 हजार 472 करोड़ रुपये के कार्यों की निविदाएं जारी हैं तथा 10 कार्यों की निविदाएं स्वीकृत की गई हैं। कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों के निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। सीहोर-इछावर-कोसमी मार्ग के कार्य 92 प्रतिशत पूर्ण कार्य को शीघ्रता से पूरा किया जाए। नसरुल्लागंज-कोसमी मार्ग का 32 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है, जिसे शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पीएमएवाय शहरी में मध्यप्रदेश को मिला बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट अवॉर्ड श्रेणी में दूसरा स्थान

राजकोट, मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में बेस्ट परफार्मिंग स्टेट अवॉर्ड श्रेणी में देश में दूसरा स्थान मिला है। इसके साथ ही 'पीएमएवाय अवॉर्ड्स-2021 : 150 डेज चैलेंज' में मध्यप्रदेश को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कुल 8 श्रेणी में अवॉर्ड प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राजकोट में इंडियन अर्बन हाउसिंग कॉनक्लेव में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का अवॉर्ड प्रदान किया।

इस दौरान केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी, मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री मनीष सिंह, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव और स्टेट मिशन डायरेक्टर श्री सतेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश को 8 अवॉर्ड मिलने पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने नागरिकों को बधाई दी है तथा विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि आगे भी इसी तरह मिल कर नगरीय विकास की हर योजना में प्रदेश को अव्वल बनाना है।

विशेष श्रेणी अवॉर्ड में मध्यप्रदेश बेस्ट स्टेट फॉर कन्वर्जेंस में गुजरात के साथ, बेस्ट स्टेट फॉर कंडक्टिंग आईईसी एक्टिविटी में झारखण्ड और अरुणाचल प्रदेश तथा बेस्ट परफॉर्मिंग एसएलटीसी में उत्तरप्रदेश तथा गुजरात के साथ सह विजेता बना है।

म्युनिसिपल अवॉर्ड (सिटी लेबल) में बेस्ट परफॉर्मिंग म्युनिसिपल अवॉर्ड नगरपालिक निगम देवास को द्वितीय स्थान, बेस्ट परफॉर्मिंग म्युनिसिपल कॉउंसिल में नगरपालिका परिषद गोहद जिला भिण्ड को द्वितीय और बेस्ट परफॉर्मिंग नगर पंचायत में नगर परिषद जोबट जिला अलीराजपुर को प्रथम स्थान मिला है। बेस्ट सीएलटीसी अवॉर्ड नगरपालिक निगम देवास, नगरपालिका परिषद गोहद और नगर परिषद जोबट को मिला है।

अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण की प्रक्रिया पर आयोजित हुई कार्यशाला

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग में अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) की प्रक्रिया पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने कहा कि एआईएसएचई 2021-22 सर्वेक्षण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होने जा रही है। पोर्टल पर सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं द्वारा डेटा की प्रविष्टि करना प्रदेश के उच्च शिक्षा के संकेतक (जीईआर) की सही जानकारी के लिए आवश्यक है।

डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2011 में अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण की शुरुआत की गई थी। यह सर्वेक्षण अत्यन्त आवश्यक था। उच्चतर शिक्षा के आंकड़ों का कोई भी स्रोत देश में उच्चतर शिक्षा की पूरी तस्वीर नहीं दे पा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के द्वारा कई मापदंड जैसे शिक्षक छात्र नामांकन, लिंग समानता सूचकांक, परीक्षा परिणाम, वित्त, बुनियादी ढांचे आदि पर डेटा एकत्रित किया जाता है। साथ ही शिक्षा के संकेतक जैसे सकल नामांकन अनुपात, छात्र-शिक्षक अनुपात आदि की गणना एआईएसएचई से एकत्र किए गए डेटा से की जाती है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

सीप-अम्बर सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति अनुमोदित

भोपाल, **मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में सीहोर जिले की सीप अम्बर सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना के लिये 346 करोड़ 12 लाख रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना से सीहोर जिले के 47 ग्रामों के 15 हजार 284 हेक्टेयर सैंच्य क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। मंत्रिपरिषद ने ओंकारेश्वर में आचार्य शंकर की 108 फुट ऊंची बहुधातु प्रतिमा और पेडेस्टल के निर्माण कार्य के लिए न्यूनतम दर अनुसार पुनरीक्षित लागत 198 करोड़ 25 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए अन्य निर्णय इस प्रकार हैं।**

- मध्यप्रदेश में कुल 26 हजार 63 उचित मूल्य दुकानें हैं, जिनमें से 4166 नगरीय एवं 21 हजार 897 ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हैं। प्रदेश में ऐसी उचित मूल्य की दुकानें जहां सेल्समैन नहीं हैं और पात्र स्व-सहायता समूह द्वारा दुकान संचालन करने की सहमति दी गई है, उन समूहों को ऐसी दुकानें आपसी सहमति से हस्तांतरित करने की अनुमति मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई है।
- दुकान हस्तांतरण के लिए प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित होगी।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में कृषि यंत्रीकरण से संबंधित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय के विस्तार का निर्णय लिया।
- इसमें विभाग के 360 रिक्त पदों को समर्पित करते हुए संचालनालय में 163 नवीन पदों का सृजन किया जाकर 20 जिलों में नवीन जिला कार्यालय तथा 2 संभागों में नवीन संभागीय कार्यालय स्थापित किये जाएंगे। संचालनालय के विस्तार से इसकी गतिविधियां प्रदेश के सभी जिलों में प्रारंभ हो सकेंगी एवं कृषकों को भी यंत्रीकरण योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगी।
- मंत्रिपरिषद ने अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में मुख्यमंत्री यूथ इंटर्नशिप फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट CMYIPD प्रोग्राम को दो वर्ष के लिये संचालित करने की स्वीकृति दी।
- मुख्यमंत्री यूथ इंटर्नशिप फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट CMYIPD प्रोग्राम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा पूर्ण कर चुके 4 हजार 695 इंटर्न शामिल होंगे। प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट में 5 से 10 परामर्शदाता होंगे।
- प्रत्येक विकासखण्ड में 15 इंटर्न की नियुक्ति की जाएगी। इंटर्नशिप अवधि में उन्हें 8 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय भुगतान किया जाएगा। प्रोग्राम वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए प्रस्तावित है, जिस पर प्रति वर्ष 77 करोड़ 86 लाख रुपये का व्यय भार आएगा।
- मंत्रिपरिषद ने श्री तुलसी पीठ सेवा समिति न्यास द्वारा संचालित श्री तुलसी प्रज्ञाचक्षु दिव्यांग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चित्रकूट की समस्त चल-अचल संपत्तियों का हस्तांतरण महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को विद्यालय संचालन के लिए करने का निर्णय लिया।
- इस उत्तरदायित्व के परिप्रेक्ष्य में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट की वार्षिक ग्रांट राशि 3 करोड़ 50 लाख रुपये में 3 करोड़ 12 लाख रुपये की वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही विद्यालय में वर्तमान में कार्यरत 41 शिक्षकों तथा कर्मचारियों की आवश्यकता के दृष्टिगत यथावत वेतन प्रदान करते हुए नियमानुसार संविदा आधार पर नियुक्त किया जाएगा।
- शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नियमितीकरण तथा पेंशन की पात्रता नहीं होगी। इन्हें प्रत्येक वर्ष जनवरी में वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) में वृद्धि के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाएगा।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि, भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2021 में निहित प्रक्रिया को सरलीकृत, विकास उन्मुखी और अधिक प्रभावी बनाने के लिये नियम में संशोधन करने का निर्णय लिया। विभाग के आधिपत्य की अविकसित भूमि का आवंटन मध्यम उद्यम को किया जा सकेगा। समस्त विकसित एवं विकसित किये जाने वाले औद्योगिक भूखंडों का आवंटन 'प्रथम आओ-प्रथम पाओ' की प्रक्रिया से सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक पोर्टल से किया जाएगा।
- बंद औद्योगिक इकाइयां जो कम से कम 5 वर्ष तक उत्पादन में रही हों और कम से कम 2 वर्ष से बंद हों, को आवंटित भूखंड के समुचित उपयोग के दृष्टिगत नवीन उद्योग स्थापना के लिए भूखंड का विभाजन कर हस्तांतरण हेतु सशर्त अनुमति पात्रतानुसार प्रदान की जायेगी। फर्नीचर क्लस्टर को बढ़ावा देने की दृष्टि से औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटन के लिए प्रतिबंधित गतिविधियों की सूची से आरा मशीन को विलोपित किया गया है।
- मंत्रिपरिषद ने सहकारिता विभाग की ब्लॉक क्र. 47, प्लॉट क्र. 11, वार्ड क्र. 45, रामेश्वर रोड, वामनदेव मार्ग, खण्डवा स्थित डी.एल.डी.वी. भूमि एवं भवन परिसम्पत्ति कुल रकबा 430.69 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिए एच-1 निविदाकार द्वारा निविदा बोली मूल्य का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद विक्रय अनुबंध की कार्यवाही जिला कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक मर्यादित खण्डवा के परिसमापक उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला खण्डवा द्वारा किये जाने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि राजस्व विभाग की सर्वे क्र. 50, वार्ड क्र. 03 वीरांगना दुर्गावती वार्ड, पुराना बंगला, गुना, मध्यप्रदेश स्थित परिसम्पत्ति कुल रकबा 1200 वर्गमीटर के निर्वर्तन हेतु एच-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा की जाए।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जल संसाधन विभाग की खसरा क्र. 684/1, वार्ड क्र. 2 लवकुश नगर, छतरपुर, परिसम्पत्ति कुल रकबा 5670 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिए एच-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद ने परिवहन विभाग की जबलपुर स्थित संभागीय कार्यालय भूमि एवं भवन परिसम्पत्ति जिसका शीट क्रमांक 10 प्लॉट क्रमांक 13/1 के कुल क्षेत्रफल 6713.01 वर्गमीटर है, के निर्वर्तन हेतु एच-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा की जाने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा राजस्व विभाग की शीट क्र. 62, 67 एवं 68, प्लॉट क्रमांक 158/5, वार्ड क्रमांक 07 जल निगम कार्यालय के पास, दमोह भूमि परिसम्पत्ति कुल रकबा 4589.41 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिए H-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा की जाने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा राजस्व विभाग की वार्ड क्रमांक 60 ग्राम भातखेड़ी, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश स्थित भूमि परिसम्पत्ति जिसका सर्वे नं. 33/2 कुल रकबा 4915 वर्गमीटर के निर्वर्तन हेतु H-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा की जाने का निर्णय लिया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

उद्यानिकी योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय करेगा पंचायत विभाग

भोपाल, नर्सरियों के विकास और माली ट्रेनिंग सहित उद्यानिकी विभाग की अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग समन्वय करेगा। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास और उद्यानिकी विभाग के समन्वय के संबंध में अधिकारियों के साथ मंत्रालय में बैठक को संबोधित करते हुए कही।

श्री कुशवाह ने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा में ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्य करता है। उद्यानिकी विभाग की नर्सरियों के विकास और माली प्रशिक्षण सहित अन्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में ग्रामीण विकास विभाग सहयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी उद्यानिकी के क्षेत्र में दोनों विभाग के समन्वय से किये जाने वाले कार्यक्रमों के लिये संयुक्त रूप से कार्ययोजना तैयार करें।

बालाघाट जिले के ग्राम बघोली और समनापुर में विद्युत वितरण केंद्रों की होगी स्थापना

बालाघाट, परसवाड़ा क्षेत्र के ग्राम बघोली और समनापुर में जल्द ही विद्युत वितरण उप केंद्रों की स्थापना होगी। इन केंद्रों की स्थापना पर करीब एक करोड़ 80 लाख रुपये की लागत आयेगी।

इन ग्रामों में विद्युत उप केंद्रों की स्थापना की मंजूरी मिलने पर आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर 'नानो' कांवरे ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विद्युत वितरण उप केंद्र बनने से जनजाति बहुल क्षेत्र के इन गाँव में विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार आयेगा। उन्होंने कहा कि इन ग्रामों के अलावा क्षेत्र के अन्य ग्रामों में विद्युत लाइनों के नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं।

शिवरात्रि से गुड़ी पड़वा तक श्री महाकाल लोक के कार्यक्रम आयोजित होंगे - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान श्री महाकाल लोक आयोजन समिति के सदस्यों और साधु-संतों के आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुये।

उज्जैन, श्री महाकाल लोक की रचना अद्भुत एवं अद्वितीय है। इसकी ख्याति देश-विदेश में है। यह ईश्वर की अनुपम कृति है। श्री महाकाल लोक का और अधिक प्रचार-प्रसार करने और इसे देश-विदेश में आमजन तक पहुंचाने के लिये अब उज्जैन में शिवरात्रि से गुड़ी पड़वा तक कार्यक्रम किये जायेंगे। श्री महाकाल लोक के विषय में लोग अधिक से अधिक जानें, इसके लिये वे स्वयं देश के प्रमुख लोगों को इसके दर्शन के लिये पत्र और महाकाल का प्रसाद भी भेजेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कालिदास अकादमी में श्री महाकाल लोक की आयोजन समिति के सदस्यों एवं साधु-सन्तों के आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में कहीं। मुख्यमंत्री ने सभी साधु-संतों एवं समिति सदस्यों का आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आप सबके प्रयासों से श्री महाकाल लोक का लोकार्पण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हाथों सम्पन्न हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री महाकाल लोक श्रद्धा, आस्था, पवित्रता एवं प्रेरणा का स्थान है। महाकाल लोक पिकनिक स्पॉट नहीं है। हम सब ऐसा प्रयास करें कि महाकाल के दर्शन करने वाले अपने मन में श्रद्धा एवं भक्ति का भाव लेकर श्री महाकाल लोक के दर्शन भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान भोले शंकर मेरे आदर्श हैं। उन्होंने सृष्टि को बचाने के लिये अपने को दांव पर लगाते हुए हलाहल विष का पान किया। श्री महाकाल लोक में शिव महिमा एवं हमारी धार्मिक आस्थाओं का पत्थर पर चित्रण है। भित्ति चित्रों से महाकाल लोक में आने वाली हमारी पीढ़ी हमारी धार्मिक परम्परा एवं आस्था से परिचित हो सकेगी। श्री महाकाल लोक में सृष्टि की उत्पत्ति, शिप्रा का उद्भव एवं शिव महिमा को बहुत ही सुन्दर तरीके से उकेरा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब श्री महाकाल लोक के संचालन के लिये विस्तृत कार्य-योजना बनाई जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महाकाल सर्वोपरि हैं। हम सब उनके सेवक हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली के दिन श्री महाकाल लोक दीपों से जगमगाये। सभी लोग महाकाल लोक के नाम पर एक दीया जरूर जलायें। सब पवित्रता एवं श्रद्धा का भाव बनाये रखें और अपने मन में कभी भी नकारात्मकता का भाव न लायें।

श्री चौहान ने कहा कि श्री महाकाल लोक की पवित्रता बनी रहे, परिसर स्वच्छ एवं व्यवस्थित रहे। साथ ही हमारी जो धार्मिक परम्परा है, वह न टूटे। उन्होंने कहा कि महाकाल लोक प्रेरणा लेने का एक पवित्र स्थल है। आने वाले दिनों में गांवों से भी लोगों को यहां का भ्रमण कराया जायेगा। गांव से आने वाले श्रद्धालु अपने गांव से जल लाकर रुद्रसागर में प्रवाहित कर पवित्र जल से श्री महाकाल का अभिषेक करेंगे। इसके लिये विस्तृत कार्य-योजना भी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि महाकाल लोक का लोकार्पण व्यवस्थित एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम था। अभी तक ऐसा कार्यक्रम देश में नहीं हुआ है। यह हमारे लिये पूर्ण विराम नहीं है। अब हम श्री महाकाल लोक के दूसरे चरण का कार्य भी शुरू करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में श्री महाकाल लोक के समीप एक हजार कमरों की धर्मशाला भी बनाई जायेगी। धर्मशाला बनने से निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को कम कीमत पर ठहरने की सुविधा मिलेगी।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज मुख्यमंत्री श्री चौहान सौगातों का पिटारा लेकर आये हैं। पहली बार उज्जैन जिले में दशहरे की सवारी शाही अंदाज में निकाली गई। सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने कहा कि मुख्यमंत्री का उज्जैन को विश्व में धार्मिक एवं पर्यटन की नगरी बनाने का सपना पूरा हो गया है।

पत्रकार श्री शैलेंद्र कुल्मी ने सुझाव दिया कि श्री महाकाल लोक अद्वितीय एवं भव्य है। इसकी गुणवत्ता को आगे भी बरकरार रखने की आवश्यकता है। श्री दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि श्री महाकाल लोक की सुरक्षा किसी कमर्शियल एजेंसी के स्थान पर जन-अभियान परिषद से की जाये। श्री घनश्याम शर्मा ने श्री महाकाल लोक परिसर के आसपास भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने का सुझाव दिया। श्री नीलेश ने श्री महाकाल लोक के रख-रखाव के लिये पृथक से एक आईएएस अधिकारी की नियुक्ति करने की सलाह दी। एक अन्य नागरिक ने कहा कि श्री महाकाल लोक भ्रमण के लिये कड़े नियम बनाये जायें। हमारी आस्था को भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये।

अतिथि गृह का लोकार्पण एवं मेघदूत वन गार्डन का भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जेके सीमेंट कंपनी द्वारा बनाये गये अतिथि गृह का लोकार्पण किया। अतिथि गृह श्रद्धालुओं के लिये बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान को श्री महाकालेश्वर का मोमेंटो भेंट किया गया।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में श्री महाकाल लोक के निर्माण में अलग-अलग कार्यों के लिये लगे शिल्पकार एवं अन्य कार्य करने वाले कारीगरों का आत्मीय सम्मान किया।

मध्यप्रदेश में गैर पारम्परिक सौर ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को मिलेगा बढ़ावा - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए इच्छुक निवेशकों को सदैव पूरा सहयोग दिया गया है। यही नीति भविष्य में भी जारी रहेगी। प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन से कारोबार बढ़ेगा। राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश आए। प्रदेश में ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर प्लांट के लिए कार्य प्रारंभ हो गया है। राज्य सरकार गैर पारम्परिक सौर ऊर्जा स्रोतों के उपयोग के प्रति गंभीर है। उद्योग क्षेत्र से प्राप्त ऐसे प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए राज्य सरकार नीतियों और प्रावधानों के अनुरूप पूरा सहयोग करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में उनसे भेंट करने आए निवेशकों से चर्चा के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले निवेशकों में श्री जिंदल ग्रुप और सागर ग्रुप के उद्योगपति शामिल थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान को निवेशकों ने निवेश प्रस्तावों से अवगत करवाया। जिंदल समूह के प्रतिनिधि ने बताया कि वे 4 हजार करोड़ से अधिक लागत से सीमेंट उत्पादन और अन्य इकाइयों की स्थापना के इच्छुक हैं। समूह द्वारा पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भी निवेश का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

सागर ग्रुप द्वारा रायसेन जिले की गौहरगंज तहसील के तामोट ग्राम में यार्न/फैब्रिक उत्पाद की नई इकाई से 3 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार प्राप्त होने की जानकारी दी। समूह द्वारा मुख्यमंत्री को नई परियोजना के भूमि-पूजन के लिए आमंत्रित किया गया। समूह की इकाई वर्ष 2013 से स्थापित है, जिसमें करीब 3 हजार युवाओं को रोज़गार मिला है। रायसेन जिले के ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए सीएम राइज़ योजना से प्रेरित होकर विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर सभी जिलों में होंगे कार्यक्रम - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिमण्डल सदस्यों के साथ एक बैठक में कहा है कि मध्यप्रदेश का 67वां स्थापना दिवस जन-उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। स्थापना दिवस एक नवम्बर से सात नवम्बर तक रचनात्मक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थापना दिवस पर जनसेवा अभियान में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र तथा अन्य लाभ वितरण के लिए सभी जिलों में कार्यक्रम किए जाएंगे। सभी 52 जिलों में 50 लाख से अधिक पात्र हितग्राही कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक नवम्बर को सभी जिलों में जन अभियान परिषद के सहयोग से प्रभात फेरियां निकाली जायेंगी। दोपहर एक बजे सभी जिलों में जनसेवा अभियान स्वीकृति-पत्र और अन्य लाभों के वितरण का कार्यक्रम होगा और शाम को भोपाल में सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। इस क्रम में दो नवम्बर को लाड़ली लक्ष्मी योजना की लाड़लियों और उनके माता-पिता के सम्मेलन सभी जिलों में किए जाएंगे। तीन नवम्बर को सभी जिलों में स्वच्छता गतिविधियां और महत्वपूर्ण स्थलों पर 67 दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसी दिन से ग्रामीण खेल प्रतियोगिता और व्यंजन प्रतियोगिताएं भी होंगी। चार नवम्बर को 'एक जिला-एक उत्पाद' पर प्रदेश के सभी जिलों में गतिविधियां संचालित होंगी। पांच नवम्बर को प्रदेश के गौरव पर केंद्रित नाटक, लोक नृत्य और जननायकों पर प्रतियोगिताएं होंगी। छह नवम्बर को सभी जिलों में वृक्षा-रोपण, जल-संरक्षण, ऊर्जा की बचत और पर्यावरण पर केंद्रित गतिविधियां की जाएंगी।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में सात नवम्बर को सभी जिला मुख्यालयों और राज्य स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं और खेल गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी दिन सभी जिला मुख्यालयों पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय परिवेश की सांस्कृतिक गतिविधियों को विशेष रूप से सम्मिलित किया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

शेफाली राजदान दुग्गल

भारतवंशी बनीं नीदरलैंड्स में राजदूत

भारतवंशी शेफाली राजदान दुग्गल को नीदरलैंड्स में

अमेरिका की राजदूत नियुक्त किया गया है। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने उनकी नियुक्ति की घोषणा की। मूलतः कश्मीरी शेफाली राजदान ने मियामी और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से उच्चतर शिक्षा प्राप्त की है। वे बाइडेन सरकार की राष्ट्रीय वित्त समिति की सदस्य रह चुकी हैं।

अपराजिता सारंगी

अंतर-संसदीय संघ की सदस्य बनीं

भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी अंतर-संसदीय

संघ की कार्यकारी समिति की सदस्य होंगी। सारंगी को 18 में से 12 वोट मिले हैं। 20 साल में यह पहली बार होगा, जब भारत का अंतर्राष्ट्रीय समिति में प्रतिनिधि होगा। 1887 में स्थापित, राष्ट्रीय संसदों के वैश्विक संगठन में कुल 178 सदस्य हैं। अपनी जीत के बाद सारंगी 15 सदस्यीय कार्यकारी समिति में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

लोरिस अभ्यारण्य

तमिलनाडु में देश का पहला अभ्यारण्य बना

तमिलनाडु के कुरुर और डिंडीगुल जिलों में 11,806

हेक्टेयर में देश का पहला कडावुर स्लैंडर लोरिस अभ्यारण्य बनाया गया है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री श्री एमके स्टालिन ने की है। लोरिस की कई प्रजातियां भारत और श्रीलंका में पाई जाती हैं। यह अपना अधिकांश जीवन पेड़ों की शाखाओं पर ही बिताते हैं और बहुत धीमी रफ्तार से पेड़ों पर चढ़ते अथवा उतरते हैं।

वैज्ञानिकों ने

लैब में विकसित किया ब्रेन सेल्स

वैज्ञानिकों ने लैब में एक ऐसा 'ब्रेन सेल्स' तैयार किया है

जो वीडियो गेम भी खेल सकता है। इसे ऑस्ट्रेलिया की कॉर्टिकल लैब्स ने तैयार किया है। 2013 में इसे माइक्रोसेफली का अध्ययन करने के लिए बनाया गया था। इस ब्रेन को माउस भ्रूण से 8 लाख सेल्स के साथ तैयार किया गया है। इस ब्रेन को 1970 के दशक में लोकप्रिय वीडियो गेम पॉन्ग खेलने के लिए किया गया।

ऑस्ट्रेलिया में

शख्स ने सुकून के लिए छोड़ी 82 लाख की नौकरी

ऑस्ट्रेलिया के 45 वर्षीय पॉल 82 लाख रुपये की

नौकरी छोड़ कर सुकून के लिए स्वीपर बन गए हैं। मैक्डोनाल्ड में नई पारी की शुरुआत करते हुए पॉल नाइट शिफ्ट में बहुत खुश हैं। वे कम वेतन की इस नौकरी में सुकून महसूस करते हैं। इससे पहले वे कॉर्पोरेट कंपनी में लोगों को मैनेज करते हुए धीरे-धीरे अपना सुकून खो रहे थे।

फ्लोरियन कास्टेनमीयर

20 साल से पजल क्यूब जुटा रहे

जर्मनी के फ्लोरियन कास्टेनमीयर का नाम पजल क्यूब

संग्रह के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। 40 वर्षीय कास्टेनमीयर के पास 1,519 पजल क्यूब हैं। वे इनका संग्रह 20 साल से कर रहे हैं। कास्टेनमीयर के पास अलग-अलग स्टाइल के रूबिक पजल क्यूब हैं। वे 20 साल की उम्र से क्यूब जुटा रहे हैं, उन्हें पहला क्यूब घर की सफाई करते समय मिला था।

युगांडा के

राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने मांगी माफी

युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसोवेनी ने अपने बेटे द्वारा

पड़ोसी देश केन्या पर आक्रमण कर दो सप्ताह में उसकी राजधानी पर कब्जा करने की धमकी देने के मामले में माफी मांगी है। मुसेवेनी के उत्तराधिकारी 48 वर्षीय मुहोजी केनेरुगाबा इंटरनेट मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वे अक्सर अपने विरोधियों पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। केन्या के खिलाफ ट्वीट करने वाले केनेरुगाबा को शीर्ष कमांडर पद से हटा दिया गया है।

फ्रैंक वार्ड ने

15 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई

ब्रिटेन के नॉर्थ यॉर्कशायर ने 90 साल के फ्रैंक वार्ड ने 15

हजार फीट पर उड़ रहे प्लेन से छलांग लगाते हुए स्काई डाइविंग की। फ्रैंक स्टंटमैन नहीं हैं, लेकिन उन्होंने एक नेक काम के लिए यह करने का फैसला लिया। दरअसल, फ्रैंक की पत्नी मार्गरेट नर्सिंग होम चलाती हैं, जिसमें व्हीलचेयर की कमी है। फ्रैंक ने नर्सिंग होम के लिए फंड जुटाने के लिए स्काई डाइविंग की। उन्होंने इस डाइविंग से 1.61 लाख रुपये का फंड जुटाया।

न्यूजीलैंड में

तट पर आकर फंसी व्हेलों की मौत

न्यूजीलैंड के दो सुदूरवर्ती तटों पर फंस जाने से 447

पायलट व्हेलों की मौत हो गई है। अधिकारियों के अनुसार हाल के दिनों में मौत का शिकार हुई व्हेल जाल में फंस गई थीं उन्हें दोबारा पानी में भेजा नहीं जा सका। न्यूजीलैंड मुख्य द्वीप से करीब 800 किलोमीटर पूर्व में स्थित चाथम द्वीप के किनारे पर व्हेल चली आई थीं जिन्हें जाल के जरिए वापस पानी में भेजा जा रहा था। इस द्वीप पर करीब 600 लोग निवासरत हैं।

ह्यूमनाइड रोबोट

ब्रिटिश संसद को संबोधित करते समय सो गई

वैज्ञानिकों द्वारा विकसित एक ह्यूमनाइड रोबोट ब्रिटेन

की संसद में पहुंची। ब्रिटेन के सांसदों को विज्ञान की दुनिया की अनूठी क्रांति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोट ने संबोधित किया। संबोधन के दौरान तकनीकी खराबी आ गई और यह रोबोट मशीन सो गई मतलब चुप हो गई। बाद में मशीन को री-स्टार्ट करना पड़ा। इस रोबोट का नाम AI-Da है।

केरल में

शाकाहारी मगरमच्छ की मौत

केरल के श्री अनंतपद्मनाभ स्वामी मंदिर की झील में कई

दशकों से रहे रहा एक मात्र मगरमच्छ की मृत्यु हो गई है। यह मगरमच्छ शाकाहारी था और मंदिर में बने प्रसादम पर ही निर्भर था। मंदिर के अधिकारियों ने बताया कि झील में 70 साल से रह रहे इस मगरमच्छ को 'बबिया' नाम से पुकारा जाता था। उसको दो दिन से ढूंढ़ा जा रहा था। मृत अवस्था में उसे झील में तैरता पाया गया।

लांस क्लूजनर

जिम्बाब्वे में बैटिंग कोच का पद छोड़ा

पूर्व दक्षिण अफ्रीकी आलराउंडर लांस क्लूजनर ने

जिम्बाब्वे के बैटिंग कोच के पद से इस्तीफा दे दिया। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड और क्लूजनर ने अनुबंध आपसी सहमति से समाप्त किया है। क्लूजनर इसी साल मार्च में जिम्बाब्वे के बैटिंग कोच बने थे। जिम्बाब्वे क्रिकेट के मैनेजिंग डायरेक्टर के अनुसार क्लूजनर की सेवाओं के लिए बोर्ड उनका आभारी है।

अमेजन के

जंगल में मिला सबसे लंबा पेड़

वैज्ञानिकों ने अमेजन के जंगलों में दुनिया का सबसे लंबा

पेड़ खोजा है। इसकी लंबाई 290 फीट बताई जा रही है। पेड़ के तने का घेरा 32 फीट है। कहा जा रहा है कि यह 400 से 600 साल पुराना हो सकता है। वैज्ञानिकों को इस पेड़ तक पहुंचने के लिए 10 दिनों की यात्रा करनी पड़ी थी। शोधकर्ताओं ने 250 किलोमीटर की यात्रा नाव से भी की थी।

ग्रेग हैंड्स

ब्रिटेन के नए वाणिज्य मंत्री बने

ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने ऋषि सुनक के एक

सहयोगी ग्रेग हैंड्स को कनिष्ठ वाणिज्य मंत्री बनाया है। ग्रेग हैंड्स ने हाल ही में सुनक का मुखर समर्थन किया था। सुनक कंजर्वेटिव पार्टी का नेता बनने की दौड़ में ट्रस के प्रतिद्वंद्वी थे। ग्रेग को मंत्रिमंडल में शामिल करने को विद्रोहियों और ट्रस के प्रतिद्वंदियों को साधने के रूप में देखा जा रहा है।

सुब्रा द्रविड़ को

एकल विद्यालय ने बनाया अध्यक्ष

भारत के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में अग्रणी

शिक्षा प्रणाली के लिए चर्चित एकल विद्यालय ने क्वालकॉम कंपनी के डॉक्टर सुब्रा द्रविड़ को अपनी अमेरिकी शाखा का प्रमुख बनाया है। कहा जा रहा है कि इससे प्राथमिक शिक्षा 'स्लेट से लेकर टैबलेट' के नए चरण में पहुंचेगी।

निकारागुआ में

जूलिया तूफान ने मचाई तबाही

निकारागुआ में ऊष्णकटिबंधीय तूफान 'जूलिया' ने

भीषण तबाही मचाई है। तबाही का यह मंजर ब्लूफील्ड में साफ दिखायी दिया, जहां मछुआरे पानी में डूबी अपनी नाव को सही स्थान पर रखने की जुगत में लगे हुए हैं। इस तूफान से पहले पूरे मध्य अमेरिकी में मूसलाधार बारिश हुई जिसका व्यापक असर पड़ा।

गूगल ने

सबसे लंबा की-बोर्ड बनाया

गूगल की जापान की टीम ने सबसे लंबा की-बोर्ड बनाया है। इस की-बोर्ड की लंबाई 5.4 फीट है। कंपनी द्वारा

जारी वीडियो में बताया गया है कि इसका इस्तेमाल ट्रैकिंग स्टिक की तरह किया जा सकता है। हालांकि यह की-बोर्ड बाजार में नहीं बेचा जाएगा। गूगल की जापान टीम पहले भी कप की डिजाइन वाला की-बोर्ड बना चुकी है।

उत्तरी कैरोलिना में

दो सिर वाला अनूठा सांप बना आकर्षण का केंद्र

उत्तर कौरोलिना की एक वन्य पशुशाला में दो सिर वाला

सांप आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह होंडुरास अल्बाइनो मिल्क प्रजाति का सांप है। इस सांप के शरीर में एक फेफड़ा, एक पेट और दो सिर हैं। दोनों सिर में अलग-अलग मस्तिष्क हैं और स्वतंत्र तरीके से सोचते हैं। इस सांप को पशुशाला में सौंपने वाले किसान के अनुसार उसके दोनों सिर उसके अलग-अलग दिशाओं में ले जाने का प्रयास करते हैं। उसका दायां सिर ज्यादा आक्रामक है, जबकि बायां अपेक्षाकृत शांत है।

स्विट्जरलैंड में

मुंह ढंकने पर लगेगा 82 हजार रुपये जुर्माना

हिजाब को लेकर दुनिया के कई देशों में विवाद हो रहा

है। ईरान में जहां महिलायें इसके खिलाफ आंदोलन कर रही हैं वहीं, स्विट्जरलैंड में सार्वजनिक जगहों पर हिजाब पहनने या चेहरा ढंकने पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी चल रही है। नियमों का उल्लंघन करने पर 1000 फ्रैंक यानी 82 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा।

स्मृति शेष

कॉमेडियन ज्यूडी टेनुटा का निधन

स्टैंड-अप कॉमेडियन ज्यूडी टेनुटा (द लव गॉडेस)

का लॉस एंजिलिस में 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वह अमेरिकन कॉमेडी अवॉर्ड्स - 1998 में बेस्ट फीमेल कॉमेडियन का अवॉर्ड जीतने वाली पहली महिला स्टैंड-अप कॉमेडियन थीं।

पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर सारा ली का निधन

वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट रियालिटी



प्रतियोगिता श्रृंखला टफ इनफ 2015 की विजेता सारा ली का 30 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सारा ने पूर्व WWF रेसलर वेस्टिन ब्लेक से शिक्षा ली थी। सारा कुछ समय से बीमार चल रही थीं।

ऑस्कर के लिए भेजी गई फिल्म छेल्लो शो के बाल-कलाकार राहुल का निधन

ऑस्कर 2023 में भारत की तरफ से भेजी गई

गुजराती फिल्म छेल्लो शो के रिलीज होने से पहले ही मुख्य किरदार के दोस्त बने बाल कलाकार राहुल कोली का निधन हो गया। वे ल्यूकेमिया से पीड़ित थे। पान नलिन के निर्देशन में बनी फिल्म छेल्लो शो 14 अक्टूबर को ही देशभर में रिलीज हुई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कमजोर कभी माफी नहीं मांगते, क्षमा करना तो ताकतवर की विशेषता है - महात्मा गांधी

(पृष्ठ 20 का शेष)

S.No.	Roll No.
2373.	279004
2374.	279279
2375.	279362
2376.	279597
2377.	279654
2378.	279657
2379.	279690
2380.	279846
2381.	279892
2382.	280205
2383.	280252
2384.	280306
2385.	280456
2386.	280523
2387.	280557
2388.	280592
2389.	280693
2390.	280743
2391.	280764
2392.	280768
2393.	280949
2394.	281096
2395.	281182
2396.	281281
2397.	281328
2398.	281649
2399.	281741
2400.	281761
2401.	281830
2402.	282077
2403.	282080
2404.	282084
2405.	282089
2406.	282108
2407.	282111
2408.	282314
2409.	282360
2410.	282562
2411.	282676
2412.	282776
2413.	282923
2414.	283095
2415.	283162
2416.	283277
2417.	283389
2418.	283507
2419.	283715
2420.	283807
2421.	283815
2422.	284152
2423.	284192
2424.	284204
2425.	284261
2426.	284263
2427.	284433
2428.	284621
2429.	284669
2430.	284746
2431.	284769
2432.	284773
2433.	284912
2434.	285120
2435.	285166
2436.	285263
2437.	285412
2438.	285600
2439.	285700
2440.	285735
2441.	285738
2442.	285772
2443.	285779
2444.	285818
2445.	285826
2446.	285891
2447.	286053
2448.	286059
2449.	286360
2450.	286369
2451.	286543
2452.	286694
2453.	286942
2454.	287600
2455.	288618
2456.	289886
2457.	290122
2458.	290840
2459.	291772

S.No.	Roll No.
2460.	291791
2461.	292256
2462.	293115
2463.	293785
2464.	293802
2465.	293871
2466.	294535
2467.	294767
2468.	294803
2469.	294879
2470.	295004
2471.	295149
2472.	295246
2473.	295298
2474.	295721
2475.	295947
2476.	295973
2477.	295976
2478.	296091
2479.	296128
2480.	296363
2481.	296409
2482.	296414
2483.	296963
2484.	297019
2485.	297021
2486.	297022
2487.	297122
2488.	297169
2489.	297328
2490.	297400
2491.	297540
2492.	297715
2493.	297930
2494.	297940
2495.	298082
2496.	298218
2497.	298222
2498.	298232
2499.	298648
2500.	298674
2501.	298807
2502.	299027
2503.	299132
2504.	299149
2505.	299245
2506.	299375
2507.	299388
2508.	299690
2509.	299844
2510.	300026
2511.	300248
2512.	300278
2513.	300413
2514.	300462
2515.	300663
2516.	300681
2517.	300753
2518.	301111
2519.	301182
2520.	301448
2521.	301810
2522.	301829
2523.	301907
2524.	301988
2525.	302010
2526.	302811
2527.	302867
2528.	302983
2529.	303300
2530.	303307
2531.	303649
2532.	303712
2533.	303743
2534.	303911
2535.	304003
2536.	304219
2537.	304284
2538.	304487
2539.	304560
2540.	304878
2541.	304936
2542.	305232
2543.	305248
2544.	305259
2545.	305378
2546.	305551

S.No.	Roll No.
2547.	305941
2548.	306157
2549.	306423
2550.	306624
2551.	306858
2552.	306967
2553.	307410
2554.	307449
2555.	307471
2556.	307474
2557.	307628
2558.	307819
2559.	308680
2560.	309309
2561.	309883
2562.	310268
2563.	310316
2564.	310613
2565.	310725
2566.	311003
2567.	311032
2568.	311103
2569.	311276
2570.	311382
2571.	311560
2572.	311590
2573.	311827
2574.	312786
2575.	312841
2576.	312908
2577.	312978
2578.	313009
2579.	313843
2580.	313910
2581.	314044
2582.	314243
2583.	314256
2584.	314362
2585.	314363
2586.	314364
2587.	314379
2588.	314381
2589.	314416
2590.	314509
2591.	314545
2592.	314581
2593.	314616
2594.	314657
2595.	314675
2596.	314694
2597.	314706
2598.	314709
2599.	314831
2600.	314942
2601.	315112
2602.	315234
2603.	315242
2604.	315276
2605.	315330
2606.	315396
2607.	315499
2608.	315615
2609.	315642
2610.	315718
2611.	315748
2612.	315961
2613.	315964
2614.	315978
2615.	316038
2616.	316072
2617.	316142
2618.	316163
2619.	316321
2620.	316356
2621.	316547
2622.	316551
2623.	316673
2624.	316729
2625.	316744
2626.	316759
2627.	316844
2628.	316940
2629.	316945
2630.	316991
2631.	317094
2632.	317099
2633.	317120

S.No.	Roll No.
2634.	317263
2635.	317440
2636.	317638
2637.	317753
2638.	317813
2639.	317889
2640.	317928
2641.	318047
2642.	318381
2643.	318487
2644.	318537
2645.	318628
2646.	318978
2647.	319032
2648.	319038
2649.	319055
2650.	319069
2651.	319134
2652.	319162
2653.	319176
2654.	319313
2655.	319340
2656.	319352
2657.	319366
2658.	319495
2659.	319581
2660.	319630
2661.	319786
2662.	319881
2663.	320179
2664.	320204
2665.	320265
2666.	320422
2667.	320426
2668.	320621
2669.	320623
2670.	320645
2671.	320708
2672.	320891
2673.	320967
2674.	321057
2675.	321470
2676.	321479
2677.	321534
2678.	321553
2679.	321645
2680.	321695
2681.	321729
2682.	321861
2683.	321933
2684.	321975
2685.	321977
2686.	322063
2687.	322110
2688.	322287
2689.	322326
2690.	322378
2691.	322410
2692.	322438
2693.	322543
2694.	322715
2695.	322740
2696.	322774
2697.	322781
2698.	322899
2699.	322909
2700.	322994
2701.	323311
2702.	323320
2703.	323470
2704.	323585
2705.	323594
2706.	323604
2707.	323649
2708.	323766
2709.	323838
2710.	323919
2711.	323948
2712.	323984
2713.	324039
2714.	324048
2715.	324068
2716.	324164
2717.	324176
2718.	324351
2719.	324457
2720.	324500

S.No.	Roll No.
2721.	324506
2722.	324549
2723.	324564
2724.	324585
2725.	324614
2726.	324627
2727.	324802
2728.	324832
2729.	324931
2730.	324964
2731.	324990
2732.	325032
2733.	325057
2734.	325143
2735.	325410
2736.	325495
2737.	325585
2738.	325627
2739.	325642
2740.	325708
2741.	325720
2742.	325732
2743.	326069
2744.	326122
2745.	326175
2746.	326455
2747.	326483
2748.	326536
2749.	326772
2750.	326836
2751.	326935
2752.	326978
2753.	327018
2754.	327114
2755.	327140
2756.	327149
2757.	327242
2758.	327258
2759.	327614
2760.	327649
2761.	327666
2762.	327676
2763.	327773
2764.	327943
2765.	328005
2766.	328048
2767.	328211
2768.	328431
2769.	328526
2770.	328575
2771.	328610
2772.	328640
2773.	328660
2774.	328683
2775.	328695
2776.	328700
2777.	328702
2778.	328741
2779.	329154
2780.	329225
2781.	329253
2782.	329275
2783.	329293
2784.	329477
2785.	329482
2786.	329528
2787.	329574
2788.	329796
2789.	329924
2790.	330104
2791.	330555
2792.	330559
2793.	330569
2794.	330607
2795.	330629
2796.	330646
2797.	330718
2798.	330749
2799.	330784
2800.	331214
2801.	331394
2802.	331445
2803.	331503
2804.	331665
2805.	331696
2806.	331725
2807.	331935

S.No.	Roll No.
2808.	332185
2809.	332201
2810.	332289
2811.	332312
2812.	332314
2813.	332341
2814.	332417
2815.	332448
2816.	332468
2817.	332521
2818.	332531
2819.	332570
2820.	332588
2821.	332671
2822.	332769
2823.	332831
2824.	332857
2825.	332921
2826.	333015
2827.	333038
2828.	333375
2829.	333378
2830.	333582
2831.	333660
2832.	333768
2833.	333774
2834.	333832
2835.	333966
2836.	334073
2837.	334150
2838.	334166
2839.	334419
2840.	334827
2841.	335079
2842.	335105
2843.	335106
2844.	335116
2845.	335194
2846.	335222
2847.	335330
2848.	335354
2849.	335583
2850.	335827
2851.	335884
2852.	335970
2853.	335992
2854.	335998
2855.	336006
2856.	336043
2857.	336053
2858.	336103
2859.	336175
2860.	336205
2861.	336402
2862.	336468
2863.	336479
2864.	336575
2865.	336595
2866.	336627
2867.	336648
2868.	336744
2869.	336764
2870.	336921
2871.	336977
2872.	337123
2873.	337272
2874.	337295
2875.	337909
2876.	338109
2877.	338239
2878.	338311
2879.	338313
2880.	338383
2881.	338406
2882.	338572
2883.	338608
2884.	338761
2885.	338878
2886.	339017
2887.	339182
2888.	339234
2889.	339252
2890.	339379
2891.	339441
2892.	339444
2893.	339531
2894.	339610

S.No.	Roll No.
2895.	339807
2896.	340015
2897.	340052
2898.	340062
2899.	340320
2900.	340370
2901.	340427
2902.	340440
2903.	340457
2904.	340659
2905.	340688
2906.	340751
2907.	340833
2908.	340846
2909.	340880
2910.	340951
2911.	340995
2912.	341175
2913.	341229
2914.	341294
2915.	341299
2916.	341320
2917.	341382
2918.	341417
2919.	341495
2920.	341502
2921.	341576
2922.	341674
2923.	341718
2924.	341878
2925.	341888
2926.	341915
2927.	341931
2928.	341967
2929.	342051
2930.	342158
2931.	342177
2932.	342183
2933.	342201
2934.	342319
2935.	342336
2936.	342518
2937.	342584
2938.	342606
2939.	342657
2940.	342672
2941.	342691
2942.	342902
2943.	343133
2944.	343177
2945.	343205
2946.	343305
2947.	343466
2948.	343597
2949.	343622
2950.	343648
2951.	343697
2952.	344057
2953.	344150
2954.	344169
2955.	344274
2956.	344378
2957.	344398
2958.	344404
2959.	344425
2960.	344450
2961.	344534
2962.	344559
2963.	344738
2964.	344766
2965.	344800
2966.	344819
2967.	344829
2968.	344852
2969.	344944
2970.	345220
2971.	345480
2972.	345484
2973.	345578
2974.	345637
2975.	345725
2976.	345794
2977.	345807
2978.	345842
2979.	345875
2980.	345888
2981.	346014

S.No.	Roll No.
2982.	346057
2983.	346164
2984.	346185
2985.	346279
2986.	346466
2987.	346501
2988.	346530
2989.	346623
2990.	346642
2991.	346654
2992.	346694
2993.	346771
2994.	346853
2995.	346958
2996.	346963
2997.	346983
2998.	347028
2999.	347057
3000.	347282
3001.	347373
3002.	347434
3003.	347462
3004.	347496
3005.	347575
3006.	347769
3007.	347879
3008.	347881
3009.	348123
3010.	348202
3011.	348210
3012.	348361
3013.	348407
3014.	348500
3015.	348618
3016.	348619
3017.	348720
3018.	348816
3019.	348828
3020.	348834
3021.	348835
3022.	348913
3023.	348918
3024.	348936
3025.	348963
3026.	349429
3027.	349600
3028.	349605
3029.	349699
3030.	349758
3031.	350059
3032.	350200
3033.	350209
3034.	350281
3035.	350313
3036.	350575
3037.	351089
3038.	351294
3039.	351472
3040.	351696
3041.	351716
3042.	351849
3043.	351999
3044.	352101
3045.	352232
3046.	352262
3047.	352482
3048.	352583
3049.	352793
3050.	352902
3051.	352938
3052.	353010
3053.	353388
3054.	353607
3055.	353926
3056.	354253
3057.	354269
3058.	354279
3059.	354350
3060.	354357
3061.	354381
3062.	354463
3063.	354945
3064.	354979
3065.	355043
3066.	355049
3067.	355139
3068.	355524

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
3069.	355585	3146.	362326	3223.	369389	3300.	376626	3377.	382060	3454.	387491	3531.	393613	3608.	399343
3070.	355785	3147.	362368	3224.	369412	3301.	376757	3378.	382095	3455.	387576	3532.	393733	3609.	399356
3071.	355831	3148.	362409	3225.	369475	3302.	376779	3379.	382140	3456.	387632	3533.	394065	3610.	399624
3072.	355851	3149.	362415	3226.	369595	3303.	376932	3380.	382141	3457.	387642	3534.	394146	3611.	399632
3073.	355856	3150.	362452	3227.	369620	3304.	377023	3381.	382163	3458.	387644	3535.	394190	3612.	399674
3074.	355878	3151.	362470	3228.	369632	3305.	377040	3382.	382174	3459.	387695	3536.	394216	3613.	399676
3075.	355892	3152.	362472	3229.	369635	3306.	377218	3383.	382180	3460.	387918	3537.	394255	3614.	399722
3076.	356003	3153.	362510	3230.	369973	3307.	377289	3384.	382181	3461.	388044	3538.	394317	3615.	399785
3077.	356051	3154.	362537	3231.	370035	3308.	377307	3385.	382184	3462.	388095	3539.	394360	3616.	399804
3078.	356139	3155.	362556	3232.	370043	3309.	377376	3386.	382253	3463.	388318	3540.	394381	3617.	399860
3079.	356144	3156.	362675	3233.	370086	3310.	377403	3387.	382258	3464.	388321	3541.	394405	3618.	399886
3080.	356210	3157.	362699	3234.	370118	3311.	377431	3388.	382643	3465.	388416	3542.	394569	3619.	399953
3081.	356221	3158.	362735	3235.	370373	3312.	377464	3389.	382840	3466.	388698	3543.	394612	3620.	399956
3082.	356390	3159.	362812	3236.	370410	3313.	377500	3390.	382866	3467.	388848	3544.	394613	3621.	400080
3083.	356460	3160.	362895	3237.	370822	3314.	377580	3391.	382905	3468.	388896	3545.	394624	3622.	400086
3084.	356519	3161.	362909	3238.	370915	3315.	377725	3392.	382919	3469.	388904	3546.	394749	3623.	400156
3085.	356539	3162.	362927	3239.	371018	3316.	377842	3393.	382950	3470.	388910	3547.	394963	3624.	400169
3086.	356569	3163.	363016	3240.	371060	3317.	377871	3394.	382972	3471.	388924	3548.	395000	3625.	400287
3087.	356604	3164.	363042	3241.	371158	3318.	377983	3395.	383108	3472.	389043	3549.	395048	3626.	400311
3088.	356605	3165.	363187	3242.	371176	3319.	378016	3396.	383199	3473.	389074	3550.	395072	3627.	400440
3089.	356622	3166.	363210	3243.	371208	3320.	378021	3397.	383233	3474.	389088	3551.	395198	3628.	400457
3090.	356766	3167.	363216	3244.	371330	3321.	378031	3398.	383265	3475.	389270	3552.	395200	3629.	400596
3091.	356917	3168.	363235	3245.	371564	3322.	378131	3399.	383267	3476.	389356	3553.	395278	3630.	400639
3092.	357045	3169.	363255	3246.	371626	3323.	378141	3400.	383299	3477.	389390	3554.	395307	3631.	400713
3093.	357078	3170.	363291	3247.	371681	3324.	378195	3401.	383382	3478.	389417	3555.	395405	3632.	400773
3094.	357087	3171.	363335	3248.	371810	3325.	378241	3402.	383495	3479.	389441	3556.	395507	3633.	400838
3095.	357113	3172.	363475	3249.	371903	3326.	378314	3403.	383644	3480.	389468	3557.	395658	3634.	400848
3096.	357396	3173.	363481	3250.	371950	3327.	378341	3404.	383666	3481.	389539	3558.	395758	3635.	401047
3097.	357721	3174.	363484	3251.	371963	3328.	378358	3405.	383688	3482.	390061	3559.	395810	3636.	401092
3098.	358151	3175.	363581	3252.	371991	3329.	378436	3406.	383780	3483.	390093	3560.	395871	3637.	401151
3099.	358796	3176.	363657	3253.	372051	3330.	378505	3407.	383861	3484.	390150	3561.	395962	3638.	401156
3100.	358939	3177.	363778	3254.	372191	3331.	378553	3408.	384037	3485.	390153	3562.	395997	3639.	401245
3101.	359110	3178.	363862	3255.	372237	3332.	378576	3409.	384264	3486.	390157	3563.	396005	3640.	401531
3102.	359154	3179.	363877	3256.	372243	3333.	378709	3410.	384439	3487.	390181	3564.	396058	3641.	401571
3103.	359303	3180.	363938	3257.	372301	3334.	378855	3411.	384458	3488.	390294	3565.	396333	3642.	401580
3104.	359305	3181.	363971	3258.	372323	3335.	378884	3412.	384484	3489.	390370	3566.	396397	3643.	401633
3105.	359361	3182.	364064	3259.	372714	3336.	378996	3413.	384561	3490.	390470	3567.	396482	3644.	401645
3106.	359398	3183.	364255	3260.	372788	3337.	379009	3414.	384583	3491.	390482	3568.	396528	3645.	401693
3107.	359469	3184.	364337	3261.	372906	3338.	379026	3415.	384708	3492.	390616	3569.	396558	3646.	401763
3108.	359483	3185.	364653	3262.	372934	3339.	379110	3416.	384804	3493.	390617	3570.	396583	3647.	401810
3109.	359532	3186.	364819	3263.	373080	3340.	379114	3417.	384806	3494.	390717	3571.	396629	3648.	401833
3110.	359596	3187.	365086	3264.	373092	3341.	379124	3418.	384812	3495.	390750	3572.	396641	3649.	401990
3111.	359711	3188.	365276	3265.	373249	3342.	379136	3419.	384842	3496.	390837	3573.	396752	3650.	402035
3112.	359753	3189.	365327	3266.	373549	3343.	379152	3420.	384846	3497.	390919	3574.	396798	3651.	402078
3113.	359768	3190.	365397	3267.	373697	3344.	379170	3421.	384878	3498.	390987	3575.	396815	3652.	402083
3114.	359856	3191.	365405	3268.	373882	3345.	379171	3422.	384980	3499.	391020	3576.	397076	3653.	402090
3115.	359883	3192.	365690	3269.	374280	3346.	379201	3423.	385079	3500.	391136	3577.	397146	3654.	402126
3116.	359894	3193.	365747	3270.	374301	3347.	379267	3424.	385083	3501.	391159	3578.	397172	3655.	402308
3117.	359940	3194.	366060	3271.	374366	3348.	379294	3425.	385130	3502.	391476	3579.	397219	3656.	402318
3118.	360051	3195.	366182	3272.	374385	3349.	379457	3426.	385194	3503.	391666	3580.	397249	3657.	402345
3119.	360207	3196.	366254	3273.	374425	3350.	379552	3427.	385228	3504.	391725	3581.	397279	3658.	402548
3120.	360284	3197.	366460	3274.	374514	3351.	379667	3428.	385256	3505.	391825	3582.	397305	3659.	402551
3121.	360476	3198.	366491	3275.	374602	3352.	379848	3429.	385530	3506.	391927	3583.	397349	3660.	402820
3122.	360481	3199.	366589	3276.	374603	3353.	379971	3430.	385587	3507.	392172	3584.	397415	3661.	402856
3123.	360488	3200.	366703	3277.	374637	3354.	380025	3431.	385611	3508.	392256	3585.	397425	3662.	402912
3124.	360552	3201.	366852	3278.	374861	3355.	380051	3432.	385710	3509.	392365	3586.	397525	3663.	402926
3125.	360811	3202.	366909	3279.	374995	3356.	380138	3433.	385743	3510.	392374	3587.	397648	3664.	403008
3126.	360861	3203.	367117	3280.	375009	3357.	380494	3434.	385773	3511.	392398	3588.	397657	3665.	403050
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में पहले जंबूसर (भरूच, गुजरात) में भारत के पहले बल्क ड्रग पार्क (BDP) की नींव रखी गई, उसके बाद प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के ऊना में देश के दूसरे बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखी है। इन पार्कों की स्थापना से API के मामले में भारत आत्मनिर्भर होगा। इन प्रयासों को देख कर यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि आने वाले समय में चीन पर से इन चीजों को लेकर निर्भरता कम होगी। गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्रप्रदेश में बल्क ड्रग पार्क को विकसित करने की अनुमति दी गई थी। सरकार की योजना है कि तीन बल्क ड्रग पार्क पर कुल तीन हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

सितंबर 2022 में औषध विभाग ने बल्क ड्रग पार्कों को बढ़ावा देने की योजना के तहत तीन राज्यों (गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश) के प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत 13 राज्यों से प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इसके लिए विभाग को मात्रात्मक और साथ ही गुणात्मक पद्धति के आधार पर प्रस्तावों के मूल्यांकन में नीति आयोग के सीईओ के अधीन एक सलाहकार समिति की सहायता प्रदान की गई थी। गुजरात और आंध्र प्रदेश में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क के लिए वित्तीय सहायता सामान्य बुनियादी सुविधाओं की परियोजना लागत का 70 फीसदी होगी। वहीं, पहाड़ी राज्य होने के चलते हिमाचल प्रदेश के लिए वित्तीय सहायता कुल परियोजना लागत का 90 फीसदी होगी। एक बल्क ड्रग पार्क के लिए योजना के तहत अधिकतम सहायता 1,000 करोड़ रुपये तक सीमित होगी। यह देश में बल्क ड्रग विनिर्माण को सहायता देने के लिए शुरू की गई एक प्रमुख पहल है। इस योजना को साल 2020 में 3,000 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ अधिसूचित किया गया था। भारत में कई देशों से दवाओं की मेन्युफैक्चरिंग के लिए विभिन्न बल्क ड्रग्स या एपीआई का आयात किया जाता है। इस आयात पर देश की निर्भरता को कम करने और स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। देश को एपीआई और ड्रग इंटरमीडिएट्स में आत्मनिर्भर बनाने के लिए औषध विभाग विभिन्न योजनाओं को लागू कर रहा है। इसके तहत प्रमुख पहलों में से एक बल्क ड्रग पार्क की योजना भी है।

बल्क ड्रग पार्क की जरूरत क्यों है?

बल्क ड्रग पार्क का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा समर्थित विश्व स्तरीय सामान्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण करके बल्क ड्रग के विनिर्माण की लागत को कम करना है और इसके माध्यम से घरेलू थोक दवा उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता में बढ़ोतरी करना है। दवाओं को तैयार करने के लिए जिस तत्व (एक्टिव फॉर्मास्युटिकल्स इनग्रीडिएंट्स) की जरूरत होगी, उसे इसी पार्क में बनाया जाएगा। पहले हम चीन जैसे देशों पर इसके लिए निर्भर रहते थे लेकिन केंद्र सरकार द्वारा इन पार्कों की स्थापना के बाद हम इन्हें अपने देश में ही बना सकते हैं। केंद्र सरकार चाहती है कि इन पार्कों की स्थापना कर घरेलू दवा बाजार में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाया जाए ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दवाओं के निर्माण और उत्पादन के मामले में भारत शीर्ष पर आ जाए।

विकसित किए जाने वाले बल्क ड्रग पार्क एक ही स्थान पर सामान्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान करेंगे, जिससे देश में बल्क ड्रग विनिर्माण के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण होगा और विनिर्माण लागत में भी काफी कमी आएगी। इन पार्कों से आयात निर्भरता को कम करने के लिए थोक दवाओं के घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने और मानक परीक्षण एवं बुनियादी सुविधाओं तक आसान पहुंच प्रदान करके वैश्विक बाजार में एक पैठ बनाने की उम्मीद है।

बल्क ड्रग पार्क और आत्मनिर्भर भारत

दवा बनाने के लिए पहले कुल 53 प्रकार के एक्टिव फॉर्मास्युटिकल्स इनग्रीडिएंट्स के लिए भारत की निर्भरता चीन पर थी। अब 35 तरह के एक्टिव फॉर्मास्युटिकल्स इनग्रीडिएंट्स को देश में ही निर्मित किया जा रहा है। बल्क ड्रग पार्क योजना के तहत केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि बाकी बचे हुए 18 एक्टिव फॉर्मास्युटिकल्स इनग्रीडिएंट्स भारत में ही बल्क ड्रग पार्कों में निर्मित किये जाएं।

फार्मास्युटिकल उत्पाद में प्रोडक्शन के लिए कच्चे माल यानी एक्टिव फॉर्मास्युटिकल्स इनग्रीडिएंट्स की उपलब्धता इस उद्योग के विकास की पहली शर्त होती है। इस मामले में भारत की निर्भरता अन्य देश पर बढ़ती गई थी। हालांकि बल्क ड्रग पार्कों को लेकर जिस तरह से केंद्र सरकार गंभीर है, उससे आने वाले दिनों में या तो इसकी निर्भरता नगण्य हो जाएगी या इस क्षेत्र में भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो जाएगा। हालिया आंकड़े उत्साहजनक हैं क्योंकि पीएलआई स्कीम के तहत लगभग 35 एक्टिव फॉर्मास्युटिकल्स इनग्रीडिएंट्स का देश में ही उत्पादन शुरू कर दिया गया है।

रोज़गार के नए अवसर

आत्मनिर्भरता के साथ-साथ बल्क ड्रग पार्कों की स्थापना से रोज़गार के अवसरों का भी सृजन होगा। अनुमान है कि गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश में इन पार्कों के बन जाने से गुजरात में लगभग 40 हजार, हिमाचल प्रदेश में लगभग 50 हजार और आंध्र प्रदेश में लगभग 60 हजार रोज़गार का सृजन होगा।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- हिमाचल प्रदेश में ऊना जिले के तहसील हरोली में 1402.44 एकड़ भूमि पर, गुजरात के भरूच जिले के जम्बूसर तहसील में 2015.02 एकड़ जमीन पर और आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के थोंडागी मंडल के केपी पुरम एवं कोढ़ाहा के 2000.45 एकड़ भूमि पर बल्क ड्रग्स पार्कों का निर्माण किया जाएगा।
- केएसएम या ड्रग इंटरमीडिएट्स (डीआई) और एपीआई के घरेलू विनिर्माण के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत कुल 51 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 14 परियोजनाएं पहले ही चालू हो चुकी हैं और दवाओं का विनिर्माण शुरू हो गया है।
- औषध के लिए पीएलआई को तीन श्रेणियों के तहत चिह्नित किए गए उत्पादों के विनिर्माण के लिए 55 चयनित आवेदकों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है और इस योजना के तहत पात्र दवाओं में एपीआई शामिल हैं।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

खनिज संसाधनों के मामले में समृद्ध है शहडोल जिला

शहडोल, मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग का एक जिला है। इस जिले का गठन 1959 में किया गया था। प्रदेश के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित यह जिला दक्षिण-पूर्व में अनूपपुर, उत्तर में सतना एवं सीधी और पश्चिम में उमरिया जिले से घिरा हुआ है। शहडोल, दक्कन के पठार के उत्तर - पूर्वी भाग में स्थित एक पहाड़ी जिला है। जिले को तीन भौगोलिक भागों में विभाजित किया जा सकता है।

(i) मैकाल रेंज, (ii) पूर्वी पठार की पहाड़िया और (iii) अपर सोन वैली

शहडोल जिले की प्रमुख नदी, सोन है। जिसका उद्गम अमरकंटक से हुआ है। गंगा नदी की सहायक सोन नदी को स्वर्ण नदी भी कहा जाता है। शहडोल का पूर्व नाम सहस्त्र डोल बताया जाता है, जिसका अर्थ है हजारों तालाब।

माना जाता है कि महाभारत काल में अज्ञातवास के समय पाण्डवों ने अपना समय यहां विराट नगर में भी बिताया था और महाभारत में जिस विराट नगर का वर्णन है वह शहडोल क्षेत्र में ही है। अज्ञातवास के दौरान पांडव प्रतिदिन एक तालाब की खुदाई करते थे और उसी तालाब का जल ग्रहण करते थे। इस तरह से क्षेत्र में कई तालाब बन गए थे।

इतिहास

शहडोल का इतिहास मौर्य काल से भी जुड़ा हुआ है। यहाँ पर तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मौर्यों का राज्य था, इसके बाद 9वीं से 12वीं शताब्दी तक यहाँ पर कलचुरी राजवंश का अधिपत्य था और 13वीं शताब्दी से यह भू-भाग शहडोल रियासत के रूप में जाना जाने लगा।

जिले का हिस्सा रतनपुर के कलचुरी साम्राज्य में शामिल था। बांधवगढ़ का किला दरअसल तेरहवीं शताब्दी में, रेहाना, कर्णदेवा के बघेल प्रमुख को दहेज में कलचुरी शासक ने दिया था। 1597 तक बांधवगढ़ बघेलों के शासन में बना रहा। इसके बाद राजधानी को रीवा में स्थानांतरित किया गया था। उन्नीसवीं शताब्दी (1808) की शुरुआत में सोहागपुर और बांधवगढ़ तहसीलों में शामिल जिले का काफी हिस्सा मराठों के हाथों में और 1826 में ब्रिटिशों के हाथों में आ गया। रामगढ़ (मंडला जिले) में विद्रोहियों के खिलाफ मदद करने पर अंग्रेजों ने 1857 के विद्रोह के बाद सोहागपुर और अमरकंटक जिलों को रीवा शासकों को सौंप दिया। उसके बाद से जिला 1947 तक बघेल शासकों के अधीन रहा।

सोहागपुर गांव लगभग 2.5 किमी में फैला हुआ है। यह स्थान रीवा के महाराजा और दौरे पर आने वाले ब्रिटिश अधिकारियों के लिए शिविर स्थल हुआ करता था। शहडोल गांव के एक कस्बे के रूप में विकसित होते ही इसमें और गांव जुड़ गए। 1948 में रियासतों के विलय के बाद जिला मुख्यालय उमरिया से शहडोल स्थानांतरित कर दिया गया था।

अर्थव्यवस्था

शहडोल जिला खनिज संसाधनों में बहुत समृद्ध है। यह यूरेनियम उत्पादन करने वाला मध्यप्रदेश का एकमात्र जिला है। जिले में कोयले की खदानें बहुतायत में हैं, जिनका कोयला गुणों में उत्कृष्ट है। यह जिला कोयला खानों के कारण राज्य के राजस्व में प्रमुख योगदान देता है। जिले का सोहागपुर मध्यप्रदेश का बड़ा कोयला क्षेत्र है। सोहागपुर में कोयले की मोटी परत पाई जाती है।

कोयले के अलावा यहां फायर-क्ले, लाल और पीलागेरू और पत्थर की खदानें भी हैं। ब्यौहारी विकासखंड में मिट्टी (क्ले) की सर्वाधिक खदानें हैं। जिले के सोहागपुर विकासखंड में डोलोमाइट भी बहुतायत में पाया जाता है। जिले में बॉक्साइट का उत्पादन भी प्रचुरता से होता है।

शहडोल जिले में लगभग 70 फीसदी जमीन पर बालू मिट्टी पाई जाती है। जिले में मक्का और गेहूं की मुख्य फसल के रूप में खेती की जाती है। यहाँ पर सहजन का उत्पादन भी अधिक होता है। जिले की जनजातियां पारंपरिक तरीके से खेती करना पसंद करती हैं। महुआ फल, लकड़ी और बीज, जनजाति क्षेत्र के लोगों के लिए आय का स्रोत हैं। वनोपज पर आधारित कुटीर उद्योग भी यहां की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

जिले के अमलाई में वर्ष 1965 में ओरिएंट पेपर मिल की स्थापना की गयी थी। जिले में कोयला की खदानों से मीथेन गैस (कोल बेड मीथेन) पर आधारित विद्युत केंद्र की स्थापना भी की गई है।

शहडोल जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन - 1959
2. संभाग - शहडोल
3. जिला मुख्यालय - शहडोल
4. क्षेत्रफल - 6,205 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 10,66,063 (पुरुष-5,40,021, महिलाएं-5,26,042)
6. लिंग अनुपात - 968
7. जनघनत्व - 161 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता - 68.4%
9. तहसीलें - 6 (ब्यौहारी, जयसिंहनगर, सोहागपुर, गोहपारु, जैतपुर, बुढ़ार)
10. विकासखंड - 5
11. ग्राम पंचायत - 391
12. ग्राम - 886
13. नगर परिषद - 5
14. नगर पालिका - 1 (शहडोल)
15. विधानसभा क्षेत्र - 3 (ब्यौहारी, जयसिंहनगर, जैतपुर)
16. लोकसभा क्षेत्र - 1 (शहडोल)
17. भाषा एवं बोली - हिन्दी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- शहडोल जिले के देवलोंद में अमरकंटक की पहाड़ियों से निकलने वाली सोन नदी (सोनभद्रशिला) पर निर्मित बाण सागर परियोजना एक अंतर्राज्यीय बहुउद्देशीय परियोजना है, इस परियोजना के अंतर्गत निर्मित बांध की विद्युत उत्पादन क्षमता 435 मेगावॉट है।
- शहडोल जिले का सोहागपुर नगर दो कारणों से प्रसिद्ध है, एक तो यह मध्यप्रदेश का बड़ा कोयला क्षेत्र है तथा दूसरा यह एक पुरातात्विक स्थल भी है। इस क्षेत्र में पांडवकालीन हजारों साल पुराना विराट मंदिर है।
- विराट मंदिर का निर्माण कल्चुरी शासक युवराजदेव ने 950 से 1050 ई.सन् में करवाया था। कई पुरातत्वविद् इस मंदिर को कर्ण देव के मंदिर के रूप में भी मानते हैं। इस 70 फीट ऊंचे मंदिर के परिसर में कलचुरी युग की वास्तुकला की कई सुंदर कलाकृतियां देखी जा सकती हैं। इनमें नृत्य मुद्रा में शिव और पार्वती की प्रतिमा, सरस्वती, गणेश, विष्णु, की मूर्तियां, बांसुरी बजाते हुए भगवान कृष्ण, अर्धनारीश्वर आदि शामिल हैं।
- शहडोल जिले का ग्राम अंतरा मां कंकाली देवी मंदिर के लिये प्रसिद्ध है। मंदिर के गर्भ गृह में अठारह भुजाओं वाली चामुण्डा माता के अलावा शारदा एवं अष्टभुजी सिंहवाहनी दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित हैं। मां चामुण्डा की मूर्ति कंकाल सदृश्य होने से इनका नाम कंकाली पड़ा।
- शहडोल में स्थित जिला पुरातत्व संग्रहालय की स्थापना 1981 में की गयी थी। इस संग्रहालय में कल्चुरी काल के सिक्के, लाखों वर्ष प्राचीन पेड़-पौधों और जीवों के जीवाश्म और पाषाण प्रतिमाओं का संकलन है।

रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

कॅरियर की राहें

बढ़ते शहरों के साथ अर्बन प्लानिंग में कॅरियर के प्रचुर मौके

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षो से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

इस समय नए दौर के कॅरियर परिदृश्य में अर्बन प्लानिंग या शहरी नियोजन में बहुआयामी कॅरियर के मौके उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अर्बन प्लानिंग के अंतर्गत नए या पहले से बसे शहरों के ढांचे में बदलाव लाने की रूपरेखा तैयार की जाती है। यह एक ऐसा सेक्टर है जिसमें किसी शहर के कम्युनिकेशन नेटवर्क एवं ट्रांसपोर्टेशन को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर की जमीन के सही इस्तेमाल और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह निर्धारित किया जाता है कि कौन-सी जमीन हाउसिंग के लिए उपयोगी होगी और कौन-से क्षेत्र में मार्केट या माल आदि का निर्माण तथा कौन-से स्थानों पर मनोरंजन स्थलों, कॉर्पोरेट हाउस या औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होगी। इस प्रकार अर्बन प्लानिंग में भवन निर्माण से संबंधित जानकारी इकट्ठा करने, ड्राफ्टिंग, ड्राइंग, योजना बनाने, सरकारी विभागों से कोआर्डिनेट करने, वित्तीय प्रबंधन करने, तकनीकी जिम्मेदारियां संभालने जैसे विभिन्न स्तरों पर काम किया जाता है। ऐसे में इन विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर की संभावनाएं होती हैं।

विकसित भारत के निर्माण में बढ़ रही है अर्बन प्लानर्स की अहमियत

इस समय वर्ष 2022 में भारत में जहां 31 प्रतिशत लोग शहरों में निवास कर रहे हैं। वहीं, 2050 तक भारत की करीब आधी आबादी शहरों में निवास करेगी। इस समय शहरी आबादी के मामले में भारत का दुनिया में दूसरा स्थान है। तेज रफ्तार से हो रहे शहरीकरण का देश की आर्थिक उन्नति में बहुमूल्य योगदान देखा जा रहा है। वहीं स्मार्ट सिटी मिशन के तहत विकसित हो रहे नये शहरों (इंदौर, भोपाल आदि) से भी उम्मीदें बढ़ी हैं। शहरों का कायाकल्प हो रहा है। बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक स्थलों को संवारा जा रहा है। पार्क, बाजार,

स्टेशन, सड़क तैयार किए जा रहे हैं। जाहिर है, इसके लिए अर्बन प्लानिंग के विशेषज्ञों की आवश्यकता आने वाले समय में और भी बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि विगत 30 सितम्बर 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में वंदे भारत एक्सप्रेस और मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के फेज-वन के उद्घाटन के मौके पर कहा कि 21वीं सदी के भारत को शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर, मेट्रो और एयर कनेक्टिविटी से नई गति मिलने वाली है। बदलते हुए समय और बदलती हुई जरूरतों के मुताबिक हमें शहरी नियोजन यानी अर्बन प्लानिंग से अपने शहरों को निरंतर आधुनिक बनाना जरूरी है। देश के शहरों में ट्रांसपोर्ट सिस्टम आधुनिक हो, सीमलेस कनेक्टिविटी हो, यातायात के साधन एक-दूसरे को सपोर्ट करें, ये किया जाना आवश्यक है। इसी सोच के साथ बीते आठ वर्षों से शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत बड़ा निवेश किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश के शहरों के विकास पर इतना अधिक फोकस, इतना बड़ा निवेश इसलिए किया जा रहा है क्योंकि ये शहर आने वाले पच्चीस साल में विकसित भारत के निर्माण को सुनिश्चित करेंगे। ये निवेश सिर्फ कनेक्टिविटी तक सीमित नहीं है। बल्कि दर्जनों शहरों में स्मार्ट सुविधाएं बन रही हैं, मूल सुविधाओं को सुधारा जा रहा है। मुख्य शहर के आसपास के इलाकों, उपनगरीय क्षेत्रों को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान 2021 और नेशनल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2022 को मुट्ठियों में लेकर पुराने शहरों में सुधार और उनके विस्तार पर फोकस के साथ-साथ ऐसे नए शहरों का निर्माण भी किया जा रहा है, जो ग्लोबल बिजनेस डिमांड के अनुसार तैयार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे स्टूडेंट्स के द्वारा अपने अध्ययन को शहरी नियोजन की डगर पर भी आगे बढ़ाया जाना लाभप्रद होगा।

यह भी महत्वपूर्ण है कि नौकरी और बेहतर भविष्य के लिए जैसे-जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का शहरों की ओर पलायन हो रहा है, उससे भी शहरों की बुनियादी सुविधाओं एवं संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है। प्राइवेट बिल्डर्स से लेकर सरकारी एजेंसियां अर्बन और टाउन प्लानिंग के ऊपर विशेष ध्यान दे रही हैं। शहरों का कायाकल्प किया जा रहा है। इससे अर्बन प्लानिंग सेक्टर में ऐसे शोध एवं रचनात्मकता के विचारों से सुसज्जित युवाओं की मांग बढ़ रही है, जो भारत के भविष्य के आधुनिक शहरों के विकास में भागीदार बन सकें।

अर्बन प्लानिंग में कॅरियर की जरूरी स्किल्स

अर्बन प्लानिंग में अच्छे कॅरियर के लिए पर्यावरण, इकोलॉजी, डेमोग्राफी, लैंड इकोनामिक्स, सोशल कल्चर, सोशियोलॉजी आदि की जानकारी होनी आवश्यक है। इसके अलावा लोगों को किफायती और बजट वाले हाउसिंग विकल्प देने, ट्रांसपोर्टेशन मुहैया कराने संबंधी कौशल भी जरूरी होता है। टीम स्पिरिट, लीडरशिप और कोऑर्डिनेशन स्किल्स के साथ-साथ इस क्षेत्र में अपनी स्किल को हमेशा अपडेट करते रहने की जरूरत भी होती है।

अर्बन प्लानिंग में कॅरियर संबंधी शैक्षणिक योग्यता

अर्बन प्लानिंग में कॅरियर बनाने के मद्देनजर पीसीएम विषय रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए अधिक संभावनाएं होती हैं। अर्बन

प्लानिंग में डिप्लोमा, डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएशन के कोर्स लाभप्रद हैं। आर्किटेक्चर में ग्रेजुएशन के बाद अर्बन प्लानिंग या उससे संबंधित कोर्स में मास्टर कोर्स भी लाभप्रद है। स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर समेत कई इंस्टीट्यूट इससे संबंधिक कोर्स संचालित कर रहे हैं। इसके लिए प्रवेश परीक्षा भी होती है। जिन्होंने सिविल इंजीनियरिंग या बीटेक किया है, वे भी अर्बन प्लानिंग में पोस्ट ग्रेजुएशन कर सकते हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि ज्योग्राफी, इकोनामिक्स और सोशियोलॉजी में न्यूनतम 50 प्रतिशत के साथ मास्टर्स करने वाले भी अर्बन प्लानिंग में कोई डिप्लोमा या डिग्री लेकर अच्छी संभावनाएं रखते हैं। अर्बन प्लानिंग में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स एनवायरमेंट, ट्रांसपोर्ट, अर्बन डिजाइन, रीजेनरेशन, लैंडस्केप प्लानिंग और हेरिटेज में विशेषज्ञता प्राप्त करके तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।

अर्बन प्लानिंग में लगातार बढ़ रहे हैं कॅरियर के मौके

निश्चित रूप से अर्बन प्लानिंग कॅरियर के बहुआयामी मौकों का सेक्टर है, इसके तहत सरकारी और निजी क्षेत्र में काम करने के अनेक मौके हैं। इंटरनेशनल कंसल्टेंसी, शहरी विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड, म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन, शहरी विकास प्राधिकरण, जिला एवं ग्रामीण नियोजन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रियल इस्टेट, एनजीओ, राज्य या केंद्र सरकार की परियोजनाओं के तहत कॅरियर के मौके होते हैं। अर्बन डिजाइन, ट्रांसपोर्ट, एक्सेसिबिलिटी प्लानिंग और हेल्थ सेक्टर इन सभी क्षेत्रों में अर्बन प्लानर्स के लिए कॅरियर के मौके लगातार बढ़ रहे हैं।

अर्बन प्लानिंग का कोर्स कहां से किया जाएं

अर्बन प्लानिंग में डिप्लोमा, डिग्री या पोस्ट ग्रेजुएशन के विभिन्न कोर्स देश के कोने-कोने में स्थित टेक्नोलॉजी संस्थान, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, एनवायरनमेंटल प्लानिंग एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट एवं अर्बन प्लानिंग से सम्बद्ध विशेष संस्थानों में संचालित किए जाते हैं। आप अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप उपयुक्त संस्थान से उपयुक्त कोर्स करके अर्बन प्लानिंग के क्षेत्र में अच्छे कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. **ओलिंपिक खेलों में बास्केटबॉल को पहली बार कब शामिल किया गया था।**
(अ) वर्ष 1932
(ब) वर्ष 1936
(स) वर्ष 1948
(द) इनमें से कोई नहीं

2. **आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम है।**
(अ) महेला जयवर्धने
(ब) विराट कोहली
(स) क्रिस गेल
(द) एबी डिविलियर्स

3. **ओलिंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।**
(अ) पी.टी. ऊषा
(ब) कर्णम मल्लेश्वरी
(स) अंजु बॉबी जॉर्ज
(द) साक्षी मलिक

4. **इस वर्ष किस राज्य ने संतोष ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है।**
(अ) केरल
(ब) पश्चिम बंगाल
(स) ओडिशा (द) कर्नाटक

5. **ओलिंपिक-2016 में किस देश ने फुटबॉल में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था।**
(अ) जर्मनी (ब) स्वीडन
(स) कनाडा (द) ब्राजील

6. **वर्ष 2030 में किस शहर में एशियाई खेल आयोजित किए जायेंगे।**
(अ) बैंकॉक (ब) बुसान
(स) दोहा (द) रियाद

7. **मारिन सिलिक किस देश के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हैं।**
(अ) ब्रिटेन (ब) रूस
(स) मैक्सिको (द) क्रोएशिया

8. **इनमें से किस निशानेबाज ने ओलिंपिक खेलों में भारत के लिए पदक जीता है।**
(अ) सौरभ चौधरी (ब) जीतू राय
(स) विजय कुमार
(द) इनमें से कोई नहीं

9. **इनमें से किस बल्लेबाज ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला शतक बनाया था।**
(अ) ब्रेंडन मैक्कुलम
(ब) क्रिस गेल
(स) रिचर्ड लेवी
(द) सुरेश रैना

10. **इस वर्ष मेड्रिड ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं।**
(अ) कार्लोस अलकराज
(ब) डोमिनिक थिएम
(स) माटेओ बैरेटनी
(द) थॉमस बर्डिच

11. **फुटबॉल की सबसे बड़ी संस्था फीफा का मुख्यालय किस शहर में है।**
(अ) लंदन (ब) मॉस्को
(स) डबलिन (द) ज्यूरिख

12. **इस वर्ष प्राग ओपन में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं।**
(अ) मैरी बुजकोवा
(ब) वांग कियांग
(स) एनेट कोंटावेट
(द) एलिस मर्टेंस

13. **वर्ष 2022 में किस क्लब ने इंडियन सुपर लीग का खिताब जीता है।**
(अ) मुंबई सिटी एफसी
(ब) हैदराबाद एफसी
(स) बेंगलुरू एफसी
(द) केरेला ब्लास्टर्स

14. **वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप-2022 में कौन-सा देश पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।**
(अ) जमैका (ब) जापान
(स) अमेरिका (द) ब्रिटेन

15. **वर्ष 2017 में किस देश ने डेविस कप का खिताब अपने नाम किया था।**
(अ) क्रोएशिया (ब) फ्रांस
(स) अमेरिका (द) स्विट्जरलैंड

16. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में बैडमिंटन में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं।**
(अ) पी.वी. सिंधु
(ब) क्रिस्टी गिलमोर
(स) मिशेल ली
(द) इनमें से कोई नहीं

17. **निखत जरीन किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं।**
(अ) हॉकी (ब) क्रिकेट
(स) कुश्ती (द) मुक्केबाजी

18. **इटली ने किस वर्ष पहली बार फीफा वर्ल्डकप जीता था।**
(अ) वर्ष 1934 (ब) वर्ष 1938
(स) वर्ष 1950 (द) वर्ष 1954

19. **वर्ष 2009 में किस टीम ने आईपीएल का खिताब जीता था।**
(अ) राजस्थान रॉयल्स
(ब) मुंबई इंडियंस
(स) डेक्कन चार्जर
(द) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर

20. **राफेल नडाल ने वर्ष 2022 में कितने ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीते हैं।**
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार

21. **वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी को आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है।**
(अ) रोहित शर्मा
(ब) शाहीन शाह अफरीदी
(स) मैथ्यू वेड
(द) डेरिल मिशेल

22. **भारत की किस महिला खिलाड़ी ने हाल ही में क्रिकेट से संन्यास लिया है।**
(अ) झूलन गोस्वामी
(ब) हरमनप्रीत कौर
(स) दीप्ति शर्मा
(द) इनमें से कोई नहीं

23. **कामनवेल्थ गेम्स-2022 में इनमें से कौन-सा खेल शामिल नहीं था।**
(अ) कुश्ती (ब) निशानेबाजी
(स) हॉकी (द) उपरोक्त सभी

24. **नोवाक जोकोविच ने कितनी बार विम्बलडन एकल खिताब जीता है।**
(अ) चार बार (ब) पांच बार
(स) सात बार (द) नौ बार

25. **क्यू शब्द किस खेल का एक टर्म है।**
(अ) गोल्फ
(ब) जिम्नास्टिक
(स) आइस हॉकी
(द) बिलियड्‌र्स

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (ब), 4. (अ), 5. (द), 6. (स), 7. (द), 8. (स), 9. (ब), 10. (अ), 11. (द), 12. (अ), 13. (ब), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ), 17. (द), 18. (अ), 19. (स), 20. (ब), 21. (ब), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25. (द)

पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

डी गुकेश ने विश्व चैम्पियन कार्लसन को हराया

नई दिल्ली, भारत के युवा ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने एमचेस रैपिड ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व चैम्पियन खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया है। गुकेश ने टूर्नामेंट के प्रारंभिक चरण के नौवें दौर में कार्लसन को मात दी। गुकेश की विश्व चैम्पियन कार्लसन के खिलाफ यह पहली जीत है। 16 वर्षीय गुकेश विश्व चैम्पियन कार्लसन को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। गुकेश से पहले यह रिकॉर्ड भारत के ही आर प्रागनंदा के नाम था। मैच में गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए 29 चालों में ही कार्लसन को हरा दिया। इस बड़ी जीत के बदौलत गुकेश टूर्नामेंट में 12 दौर के बाद पोलैंड के जॉन क्रिस्टोफ (25 अंक) और अजरबैजान के शखरियार मामोदियारोव (23 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर आ गए हैं। गुकेश के 21 अंक हैं। उल्लेखनीय है कि इस टूर्नामेंट में भारत के 19 वर्षीय ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगेसी ने भी मैग्नस कार्लसन को हराया था।

कमलप्रीत कौर पर लगा तीन वर्ष का प्रतिबंध

नई दिल्ली, भारत की दिग्गज महिला चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर पर डोपिंग के चलते तीन वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। कमलप्रीत पर यह प्रतिबंध विश्व एथलेटिक्स की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने लगाया है। यूनिट ने एक रिपोर्ट में कहा कि कमलप्रीत का डोप सैंपल इसी वर्ष मार्च में पटियाला में लिया गया था। इसके बाद यूनिट ने कमलप्रीत को अस्थाई रूप से प्रतिबंधित करते हुए उनके सैंपल को टेस्ट के लिए भेजा गया। इस सैंपल में प्रतिबंधित स्टैनोजोलोल के अंश पाये गये थे। कमलप्रीत कौर ने अपनी गलती मानी है जिसके चलते एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उनकी सजा को 4 वर्ष की जगह 3 वर्ष कर दिया है। कमलप्रीत पर प्रतिबंध 29 मार्च 2022 से लागू हो गया है, जो मार्च 2025 तक रहेगा। कमलप्रीत ने टोक्यो ओलिंपिक में चक्का फेंक स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप-6 में जगह बनाई थी। इसके अलावा कमलप्रीत ने इंडियन ग्रैंड प्रिक्स में 66.59 मीटर दूर चक्का फेंक राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

पाकिस्तान ने जीती ट्वेंटी-20 त्रिकोणीय सीरीज

क्राइस्टचर्च, पाकिस्तान ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप से पहले अपनी तैयारियों का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को हराकर ट्वेंटी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला पर कब्जा जमाया है। पाकिस्तान ने टूर्नामेंट के फाइनल में मेजबान न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया। मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 163 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान केन विलियमसन ने 59 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं ग्लैन फिलिप्स (29) और मार्क चैपमेन (25) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम को मोहम्मद रिजवान (34) और बाबर आजम (15) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। इनके बाद मोहम्मद नवाज (38), हैदर अली (31) और इफ्तिखार अहमद (25) ने शानदार पारी खेल पाकिस्तान को जीत दिलाई। टूर्नामेंट में बांग्लादेश की क्रिकेट टीम ने भी हिस्सा लिया था।

महिला एशिया कप

श्रीलंका को हराकर भारत बना एशियन चैम्पियन

सिलहट, भारत की महिला क्रिकेट टीम ने एशियन क्रिकेट पर अपना दबदबा बरकरार रखते हुए एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश में खेले गए महिला एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को 8 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। भारत ने रिकॉर्ड सातवीं बार एशिया कप का खिताब जीता है।

मैच में श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अट्टापट्टू का यह फैसला गलत साबित हुआ। भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों के सामने श्रीलंकाई बल्लेबाज असहाय नजर आये। भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से कसी हुई गेंदबाजी की, जिससे श्रीलंकाई बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। श्रीलंका के दोनों सलामी बल्लेबाज रन बनाने की जल्दबाजी में महज 9 रन के भीतर रन आउट हो गए। इसके बाद तेज गेंदबाज रेनुका सिंह ने हर्षिता समरविक्रमा (1), हसीनी परेरा (0) और कविशा दिलहारी (1) को आउट कर श्रीलंका को बैकफुट पर ला दिया। 25 रन के भीतर 7 विकेट आउट होने के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों ने श्रीलंकाई पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन पूरी टीम रन बनाने के लिए संघर्ष करती नजर आयी। श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर महज 65 रन बनाये। श्रीलंकाई पारी में 9 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी

- **अब तक आठ बार महिला एशिया कप आयोजित किया गया है।**
- **सात बार भारत और एक बार बांग्लादेश बना है एशियन चैम्पियन।**
- **भारत ने इससे पहले वर्ष 2004, 2005, 2006, 2008, 2012 और 2016 में भी जीता है यह खिताब।**
- **बांग्लादेश वर्ष 2018 में बना था एशियन चैम्पियन।**
- **हरमनप्रीत कौर ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं।**
- **हरमनप्रीत ने 137 मैच खेलकर न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (136) का रिकॉर्ड तोड़ा है।**

नहीं छू सकी। भारत के लिए रेनुका सिंह ने सर्वाधिक 3 तथा राजेश्वरी गायकवाड़ और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए।

जीत के लिए मिले 66 रनों के आसान लक्ष्य के जवाब में भारत को सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने आक्रामक शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 3.4 ओवरों में 32 रन जोड़े। शैफाली और जेमिमा रोड्रिगेज तेजी से रन बनाने के चक्कर में जल्द आउट हो गईं, लेकिन मंधाना एक छोर पर टिकी रहीं और टीम को जीत दिलाकर ही लौटीं। मंधाना ने 25 गेंदों में नाबाद 51 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम ने 8.3 ओवरों में 69 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। रेनुका सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मध्यप्रदेश ने जीता अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 टूर्नामेंट

अहमदाबाद, मध्यप्रदेश की बालिकाओं ने बीसीसीआई द्वारा पहली बार आयोजित किया गया अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में मध्यप्रदेश की टीम ने कर्नाटक को 26 रन से हराकर खिताब जीता। मैच में मध्यप्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 137 रन बनाये। मध्यप्रदेश के लिए सलामी बल्लेबाज कनिष्का ठाकुर ने सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली जबकि कप्तान सौम्या तिवारी ने 25 गेंदों में नाबाद 36 रन तथा श्रेया दीक्षित ने 27 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में कर्नाटक की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 111 रन ही बना सकी। सौम्या ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अपने जौहर दिखाये और 17 रन देकर 3 विकेट लिए। सौम्या ने इस टूर्नामेंट में 8 पारियों में 255 रन बनाने के अलावा 15 विकेट भी लिए हैं।

भारत फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप से बाहर

भुवनेश्वर, भारत की मेजबानी में खेले जा रहे फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप में भारतीय टीम का सफर समाप्त हो गया है। टूर्नामेंट में भारत को अपने तीनों ग्रुप मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट में भारत को ब्राजील, अमेरिका और मोरक्को के साथ ग्रुप-ए में रखा गया था। भारत को पहले मैच में अमेरिका के हाथों 8-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि दूसरे मैच में मोरक्को ने 3-0 तथा तीसरे मैच में ब्राजील ने 5-0 से भारत को हराया। पहली बार टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भारतीय टीम ने जुझारू प्रदर्शन किया, लेकिन टीम जीत दर्ज नहीं कर सकी।

एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जायेगी भारतीय टीम

मुंबई, पाकिस्तान में अगले वर्ष आयोजित होने वाले एसीसी एशिया कप टूर्नामेंट पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। एशिया कप में भारत के खेलने पर असमंजस हो गया है। बीसीसीआई के सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने एशिया कप के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने की अटकलों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट किया है कि भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। इससे पहले कयास लगाये जा रहे थे कि भारतीय टीम पाकिस्तान में एशिया कप खेलने जा सकती है।

जय शाह ने कहा कि एशिया कप 2023 पाकिस्तान की जगह किसी न्यूट्रल स्थान पर खेला जा सकता है। ऐसे में भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे की कोई संभावना नहीं है। इससे पहले बीसीसीआई ने एशिया कप को लेकर कहा था कि वो एशियाई क्रिकेट परिषद से इस बात का अनुरोध कर सकता है कि एशिया को पाकिस्तान की जगह किसी अन्य देश में स्थानांतरित किया जाये। बीसीसीआई ने कहा कि एशिया कप के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने पर अंतिम निर्णय भारत सरकार को लेना है।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान को वर्ष 2023 में एशिया कप की मेजबानी करनी है, इसके बाद अक्टूबर और नवम्बर माह में भारत आईसीसी वन-डे विश्वकप की मेजबानी करेगा। भारतीय क्रिकेट टीम ने आखिरी बार वर्ष 2008 में पाकिस्तान का दौरा किया था। दोनों देशों की टीमें अब सिर्फ आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स में ही आपस में खेलती नजर आती हैं। भारतीय टीम अगर एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जाती है तो ये पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए बड़ा झटका होगा।

बीसीसीआई अध्यक्ष बने रोजर बिन्नी

मुंबई, भारत के पूर्व क्रिकेटर रोजर बिन्नी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। वे पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की जगह लेंगे। मुंबई में आयोजित बीसीसीआई की वार्षिक महासभा के दौरान बिन्नी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। बैठक के दौरान जय शाह को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए सचिव चुना गया, जबकि राजीव शुक्ला को उपाध्यक्ष, आशीष शेलार को कोषाध्यक्ष और देवजीत सेकिया को संयुक्त सचिव चुना गया। पूर्व कोषाध्यक्ष अरुण कुमार धूमल को आईपीएल गवर्निंग काउंसिल का चेयरमैन चुना गया।



बिन्नी बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष बने हैं। 67 वर्षीय बिन्नी अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे इसीलिए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। रोजर बिन्नी वर्ष 1983 में क्रिकेट विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। बिन्नी ने इस विश्वकप में 8 मैचों में 18 विकेट लेकर भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। बिन्नी ने भारत के लिए 27 टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए तथा 5 अर्धशतक सहित 830 रन बनाये हैं। इसके अलावा बिन्नी ने 72 वन-डे मैचों में 77 विकेट लिए हैं।

बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद रोजर बिन्नी ने कहा कि मैं बतौर अध्यक्ष मुख्य तौर पर दो चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। मेरा पहला लक्ष्य खिलाड़ियों की चोट पर रोकथाम करना या उन्हें चोटिल होने से बचाने के उपाय करना और दूसरा लक्ष्य पिचों पर ध्यान देना है, ताकि खिलाड़ियों को हर कंडीशन में खेलने की प्रैक्टिस मिल सके।

बेलान डि ओर

करीम बेंजेमा बने सर्वश्रेष्ठ पुरूष फुटबॉलर

काहिरा, फ्रांस के स्टार फुटबॉलर करीम बेंजेमा ने इस वर्ष प्रतिष्ठित बेलान डि ओर पुरस्कार अपने नाम किया है। 34 वर्षीय बेंजेमा इंग्लैंड के महान फुटबॉलर स्टेनले मैथ्यूज के बाद इस पुरस्कार को जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बन गए हैं। प्रोफेशनल फुटबॉल में रियल मैड्रिड के लिए खेलने वाले बेंजेमा ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और रियल मैड्रिड को स्पेनिश लीग ला लीगा और यूएफा चैम्पियंस लीग खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

बेंजेमा ने पिछले सत्र में स्पेनिश लीग ला लीगा में 27 तथा यूएफा चैम्पियंस लीग में 15 गोल किए थे। बेंजेमा ने वर्ष इस पुरस्कार की रेस में सेनेगल के साडिया माने तथा बेल्जियम के युवा फुटबॉलर केविन डि ब्रून को पीछे छोड़ा। बेल्जियम के थिबॉट

कॉर्टिस को बेस्ट गोलकीपर के लिए याशिन ट्रॉफी मिली, जबकि रॉबर्ट लेवानडोवस्की को सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड खिलाड़ी के लिए गर्ड मुलर ट्रॉफी मिली।

महिला वर्ग में एलेक्सिया पुटेलस बनीं विजेता

महिला वर्ग में बेलान डि ओर पुरस्कार स्पेन की दिग्गज खिलाड़ी एलेक्सिया पुटेलस ने अपने नाम किया। स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के लिए खेलने वाली पुटेलस ने पिछले वर्ष भी यह पुरस्कार जीता था। पुटेलस ने इंग्लैंड की बेथ मीड और ऑस्ट्रेलिया की सेम केर को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता है। पुटेलस के शानदार प्रदर्शन के दम पर बार्सिलोना ने पिछले सत्र में स्पेनिश लीग ला लीगा का खिताब जीता वहीं टीम चैम्पियंस लीग में उपविजेता बनी थी।

- **बेंजेमा ने पहली बार यह खिताब अपने नाम किया है।**
- **बेंजेमा पिछले 24 वर्षों में बेलोन डि ओर पुरस्कार जीतने वाले पहले फ्रांसीसी खिलाड़ी हैं।**
- **बेंजेमा से पहले जिनेदिन जिडान ने वर्ष 1998 में यह अवॉर्ड जीता था।**
- **लियोनल मेसी ने सबसे ज्यादा सात बार बेलान डि ओर अवॉर्ड जीता है।**

बुमराह की जगह मोहम्मद शमी भारतीय टीम में शामिल

मुंबई, बीसीसीआई ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भारतीय टीम में शामिल किया है। शमी को चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह टीम में जगह मिली है। बुमराह पिछले दिनों दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई ट्वेंटी-20 सीरीज से पहले प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए थे। इसके बाद बुमराह का विश्वकप में खेलना मुश्किल हो गया और उन्हें टीम से हटना पड़ा। इससे पहले शमी टीम में स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में शामिल किए गए थे। बीसीसीआई ने शमी के अलावा मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर को भी भारतीय टीम में शामिल किया है। सिराज और शार्दुल टीम में बतौर स्टैंडबाय खिलाड़ी टीम से जुड़ गए हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• यूरोपीय संघ ने •

यूक्रेनी सैनिकों के प्रशिक्षण मिशन और शस्त्र कोष को मंजूरी दी

यूरोपीय संघ (ईयू) ने यूक्रेन के हजारों सैनिकों के लिए यूरोप में सैन्य प्रशिक्षण मिशन स्थापित करने और युद्धग्रस्त देश को

- **मिशन शुरुआत में दो साल के लिए संचालित होगा, जिसके लिए 10.4 करोड़ डॉलर का बजट मंजूर किया गया है।**

हथियार खरीद में सहायता के लिए 48.6 करोड़ डॉलर के अतिरिक्त कोष को मंजूरी दी।

इस मिशन का मुख्यालय ब्रसेल्स में होगा और इसका नेतृत्व फ्रांस के नौसेना अधिकारी वाइस एडमिरल हेरवे ब्लीजीन करेंगे।

ईयू मुख्यालय ने एक बयान में कहा कि मिशन का उद्देश्य यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 'सैन्य अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने' के लिए प्रशिक्षित करना है ताकि वे अपनी क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

बयान के मुताबिक इसका उद्देश्य मुख्य रूप से पोलैंड और जर्मनी में लगभग 15,000 यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षित करना है। उम्मीद जतायी गई है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्य नवंबर में आयोजित किया जा सकता है।

75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां राष्ट्र को समर्पित

आज पूरा देश जन धन बैंक खातों की ताकत को महसूस कर रहा है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां (डीबीयू)

- **आईएमएफ ने भारत के डिजिटल बैंकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रशंसा की है।**
- **विश्व बैंक भी कह चुका है कि भारत डिजिटलीकरण के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अग्रणी बन गया है।**
- **किसी भी देश की अर्थव्यवस्था उतनी ही प्रगतिशील होती है, जितनी उसकी बैंकिंग प्रणाली मजबूत होती है।**

राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां (डीबीयू) वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाएंगी और नागरिकों को बेहतर बैंकिंग सेवा का अनुभव भी कराएंगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी विशेष बैंकिंग व्यवस्था है, जो न्यूनतम डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से अधिकतम सेवाएं देने का काम करेगी। यह सेवाएं कागजी लिखा-पढ़ी और झंझटों से मुक्त होंगी और पहले से कहीं ज्यादा आसान होंगी।

प्रधानमंत्री ने कहा आज के दौर में खुद बैंक गरीबों के दरवाजे तक पहुंच रहे हैं। इससे गरीब लोगों और बैंकों की बीच की दूरी कम हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के 99 प्रतिशत से अधिक गांवों में 5 कि.मी. के दायरे में कोई न कोई बैंक शाखा, बैंकिंग आउटलेट या 'बैंकिंग मित्र' है। उन्होंने कहा, 'आम नागरिकों को बैंकिंग की जरूरतें पूरी करने के लिए इंडिया पोस्ट बैंकों के माध्यम से व्यापक डाकघर नेटवर्क का भी उपयोग किया गया है।' उन्होंने कहा, भारत में प्रति एक लाख वयस्क नागरिकों

पर जितनी बैंक शाखाएं मौजूद हैं, वह जर्मनी, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से अधिक हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा पूरा देश जन धन बैंक खातों की ताकत को महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के डिजिटल बैंकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए वैश्विक प्रशंसा के बारे में बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि आईएमएफ ने भारत के डिजिटल बैंकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रशंस' की है। इसका श्रेय भारत के गरीबों, किसानों और मजदूरों को जाता है, जिन्होंने नई तकनीकों को अपनाया, उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाया।

उन्होंने कहा यूपीआई ने भारत के लिए नई संभावनाएं खोली हैं। वित्तीय भागीदारी जब डिजिटल भागीदारी से जुड़ जाती है तो संभावनाओं का एक नया संसार खुलने लगता है। यूपीआई जैसा बड़ा उदाहरण हमारे सामने है। भारत को इस पर गर्व है क्योंकि यह दुनिया में अपनी तरह की पहली तकनीक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 70 करोड़ स्वदेशी रुपे कार्ड उपयोग किए जा रहे हैं, जो विदेशी कंपनियों और उच्च वर्गों के ऐसे उत्पादों के इस्तेमाल की तुलना में बहुत बड़ा बदलाव है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की इस डीबीटी और डिजिटल ताकत को आज पूरी दुनिया सराह रही है और इसे एक ग्लोबल मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। यहां तक कि विश्व बैंक कह रहा है कि भारत डिजिटलीकरण के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अग्रणी बन गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बैंकिंग वित्तीय लेन-देन से कहीं आगे बढ़कर 'गुड गवर्नेंस' और 'बेटर सर्विस डिलीवरी' का भी एक माध्यम बन चुकी है। इस व्यवस्था ने निजी क्षेत्र और लघु उद्योगों के लिए भी विकास की अपार संभावनाओं को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जहां प्रौद्योगिकी के माध्यम से उत्पाद और सर्विस डिलीवरी एक नया स्टार्टअप इको-सिस्टम नहीं बन रहा हो। उन्होंने कहा, 'डिजिटल इकोनॉमी हमारी इकोनॉमी की, हमारे स्टार्टअप वर्ल्ड की, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की बड़ी ताकत है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज हमारे छोटे उद्योग, हमारे एमएसएमई भी जीईएम जैसी प्रणाली के माध्यम से सरकारी निविदाओं में भाग ले रहे हैं। उन्हें व्यापार के नए अवसर मिल रहे हैं। जीईएम पर अब तक 2.5 लाख करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए जा चुके हैं। डिजिटल बैंकिंग इकाइयों के माध्यम से इस दिशा में अब कई और नए अवसर पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'किसी भी देश की अर्थव्यवस्था उतनी ही प्रगतिशील होती है, जितनी उसकी बैंकिंग प्रणाली मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि देश पिछले 8 वर्षों में 2014 से पहले की 'फोन बैंकिंग' प्रणाली से निकलकर डिजिटल बैंकिंग में प्रवेश कर गया है और इसके परिणामस्वरूप, भारत की अर्थव्यवस्था निरंतरता के साथ आगे बढ़ रही है। अपने संबोधन के समापन में, प्रधानमंत्री ने गांवों के छोटे कारोबारियों से पूरी तरह से डिजिटल लेनदेन की ओर बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने बैंकों से देश के लाभ के लिए पूरी तरह से डिजिटल लेन-देन के लिए 100 व्यापारियों को उनके साथ जोड़ने का भी आग्रह किया। अंत में श्री मोदी ने कहा, 'मुझे विश्वास है, यह पहल हमारी बैंकिंग सिस्टम और इकोनॉमी को एक ऐसे चरण में ले जाएगी जो फ्यूचर-रेडी होगी, और वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की काबिलियत रखेगी।

रूसी ड्रोन हमलों से थर्राया कीव

यूक्रेन की राजधानी कीव एक बार फिर रूसी ड्रोन हमले से दहल उठी। इस हमले में बहुमंजिला भवन में रहने वाले चार

- **कीव पर सुबह के समय जब हमला हुआ तब लोग कामकाज के लिए निकल रहे थे। कीव के मध्य में तेज धमाके की आवाज के बाद वहां तैनात यूक्रेनी सैनिकों ने राइफलों से आकाश की ओर फायरिंग की लेकिन उसका कोई लाभ नहीं हुआ।**

लोग मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। इसी के साथ यूक्रेन के कई शहरों में बुनियादी सुविधाओं पर भी हमले किए गए। रूसी सेना का हफ्ते भर के भीतर यूक्रेन पर तीसरा बड़ा हवाई हमला है।

कीव के आकाश में एक एंटी एयरक्राफ्ट रॉकेट जाता भी दिखाई दिया। पहला धमाका होते ही लोग भागकर भूमिगत बंकरों में जा छिपे और थोड़ी देर में ही सड़कें सुनसान हो गईं। एक के बाद एक हुए कई धमाकों से कई भवन क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें आग लग गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि पूरी रात पूरे दिन दुश्मन नागरिकों को आतंकित कर रहा है। कामिकाजे ड्रोन और मिसाइलों से पूरे यूक्रेन में हमले हो रहे हैं। लेकिन हम हार नहीं मानेंगे, अंततः जीत हमारी होगी।

यूक्रेन के गृह मंत्री डेनीज मोनास्टीरस्की ने कहा है कि रूसी हमलों से अन्य शहरों में भी नागरिकों की मौत हुई है। यूक्रेन ने कहा है कि रूसी हमलों में ईरान के आत्मघाती कामिकाजे ड्रोन बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। ये लक्ष्य पर निशाना लगाते हैं और उसके बाद नष्ट हो जाते हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसकी सेना प्रभावशाली हथियारों के जरिये यूक्रेन के सैन्य ठिकानों और ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बना रही है।

तेहरान की जेल में लगी आग को बुझाया गया

ईरान की राजधानी तेहरान में स्थित एक कारागार में लगी आग पर कई घंटों की मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया है, जिसमें नौ लोग झुलस गये थे। तेहरान स्थित एविन कारा से निकल रही आग की लपटों और धुएं को बड़े पैमाने पर देखा जा सकता था। इस बीच, पुलिस हिरासत में एक युवती की मौत के कारण देशभर में हो रहा सरकार विरोधी प्रदर्शन पांचवें सप्ताह में प्रवेश कर गया। ऑनलाइन वीडियो में कारागार के आस-पास के इलाके में गोलियों की आवाज और विस्फोट की ध्वनि को सुना जा सकता था। सरकारी मीडिया ने अपनी खबरों में कहा है कि कैदियों के बीच लड़ाई के बाद आग लगी। यह बयान देश में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शन से इस घटना को अलग दिखाने का प्रयास है। सैकड़ों लोगों को एविन कारा में रखा गया है, जिसके बारे में मानवाधिकार समूहों का कहना है कि कैदियों के मानवाधिकारों का बार-बार हनन हो रहा है।

आंग सान सू की

भ्रष्टाचार के दो और मामलों में दोषी

सैन्य शासित म्यांमार की एक अदालत ने अपदस्थ नेता आंग सान सू की को भ्रष्टाचार के दो और मामलों में दोषी

- **1991 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित की गईं सू की के खिलाफ सैन्य शासन ने ज्यादातर भ्रष्टाचार के ही आरोप लगाए हैं।**
- **अब जेल में 26 साल बिताने होंगे।**

ठहराया है। इन दोनों मामलों में उन्हें तीन-तीन साल की सजा सुनाई गई है। ये सजाए साथ-साथ चलेंगी। सू की को अन्य मामलों में 23 साल की सजा पहले ही सुनाई जा चुकी है। अब उन्हें जेल में कुल 26 साल बिताने होंगे।

ज्ञात रहे कि एक फरवरी 2021 को म्यांमार की सेना ने देश में तख्तापलट कर दिया था और सत्ता की बागडोर अपने हाथों में ले ली थी। सेना ने सू की तथा म्यांमार के कई बड़े नेताओं को हिरासत में ले लिया था। सू की पर आरोप था कि उन्होंने कई साल पहले मादक पदार्थों की तस्करी के लिए दोषी ठहराए गए माउंग वीक से 5.50 लाख डॉलर की रिश्वत ली थी। हालांकि उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को खारिज किया है।

उन पर भ्रष्टाचार रोधी कानून के तहत 12 आरोप लगाए गए हैं। सू की को अवैध रूप से वॉकी-टॉकी आयात करने एवं रखने, कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए लागू प्रतिबंधों का उल्लंघन करने, राजद्रोह और भ्रष्टाचार के कई मामलों में पहले ही 23 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। दोनों नए मामलों में सुनाई गई सजा साथ-साथ चलेगी।

'श्रीलंका के लेखक शेहान को मिला बुकर पुरस्कार-2022

श्रीलंकाई लेखक शेहान करुणातिलका ने उपन्यास के लिए 2022 का बुकर पुरस्कार जीता है। करुणातिलका को यह पुरस्कार 'द सेवन मून्स ऑफ माली अल्मेडा' किताब के लिए दिया गया है।

बुकर प्राइज ने ट्वीट किया कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि बुकर प्राइज 2022 के विजेता शेहान करुणातिलका हैं। 'द सेवन मून्स ऑफ माली अल्मेडा' शेहान करुणातिलका का दूसरा उपन्यास है।

'श्रीलंका के हालात को लेकर आईएमएफ ने जाहिर की चिंता

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने श्रीलंका के मौजूद आर्थिक हालात पर चिंता जताते हुये कहा है कि उम्मीद है कि विषम परिस्थितियों का सामना कर रहे गरीबों और कमजोर लोगों को राहत पहुंचाने की दिशा में यह देश तेजी से काम करने में सक्षम होगा।

डेली मिरर अखबार के अनुसार आईएमएफ के उप निदेशक (एशिया और प्रशांत) ऐनी-मैरी गुल्डे-वुल्फ ने कहा है कि कर्ज के हालात से निपटने के लिये पहले से ही अधिकारी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि द्वीप देश के ऋण का आकलन किया जा चुका है और आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड

- **डेली मिरर के अनुसार आईएमएफ ने दोहराया है कि चार साल के ईएफएफ कार्यक्रम पर कर्मचारी स्तर का समझौता हो चुका है हालांकि कार्यक्रम का प्रारंभिक संवितरण बोर्ड की बैठक के बाद ही हो सकेगा।**

को इसे मंजूरी देने के लिए दो विशिष्ट वित्तपोषण आश्वासनों की जरूरत होगी। इसमें पहला आधिकारिक द्विपक्षीय लेनदारों से होगा। दूसरे आश्वासन में निजी क्षेत्र के ऋण से निपटने के लिए सद्भावना प्रयास जारी है।

कर्ज के जंजाल से निकलने के लिए श्रीलंका मौजूदा समय में अपने कानूनी और वित्तीय सलाहकारों के साथ काम कर रहा है। इस दिशा में समय सीमा के संबंध में गुल्डे-वुल्फ ने कहा कि आमतौर पर इस बारे में सटीक आकलन मुश्किल भरा हो सकता है क्योंकि कर्ज को लेकर बातचीत की प्रक्रिया में समय लगता है।

उन्होंने कहा, "हम निश्चित रूप से इस प्रक्रिया का यथासंभव समर्थन कर रहे हैं और आशा करते हैं कि हर कोई एक प्रक्रिया शुरू करने के लिए तेजी से काम कर सकता है और चर्चा शुरू हो रही है, जिसमें शामिल सभी द्विपक्षीय लेनदारों का समर्थन शामिल है।" आईएमएफ के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट के बावजूद श्रीलंका एक मध्यम आय वाला देश है और रहेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।